संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार 29 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 177 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## कोलकाता गैंगरेप केस- मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं।

## लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ:** मौसम विभाग ने देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। यूपी-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है। राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, बिजली गिरने से बूंदी में एक युवक और महिला, सिरोही में बच्चे और डूंगरपुर में युवक की मौत हो गई। महाराष्ट्र में तेज बारिश जारी है। मुंबई में समुद्र में हाई टाइड उठ रहा है। इस वजह से समुद्र किनारे की सड़कों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, महाराष्ट्र के चंद्रपुर का ताड़ोबा अंधारी टाइगर रिजर्व का मेन एरिया मानसून की वजह से 1 जुलाई से तीन महीने के लिए पर्यटकों के लिए बंद किया गया है।

# पीएम मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से नवाजा गया

पूज्य विद्यानंद, उनकी जन्म शताब्दी का ये पर्व... उनकी अमर प्रेरणाओं से ओत-प्रोतः मोदी

**शताब्दी समारोह**

### प्रधानमंत्री ने जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जयंती के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जयंती के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रेरित किया है। पीएम मोदी ने एक जैन संत के पिछले प्रवचन का भी जिक्र किया और कहा कि वे 'ऑपरेशन सिंदूर' को आशीर्वाद दे रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री की ओर से यह कहे जाने पर कि जो हमें छेड़ेगा..., वहां मौजूद लोगों ने जमकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। हालांकि, पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर आगे कुछ नहीं कहा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने नौ संकल्पों को दोहराया और लोगों से उनका पालन करने की अपील की। संकल्प हैं- पानी बचाना, मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता, 'वोकल फॉर लोकल', देश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, सेहतमंद जीवनशैली अपनाना, खेल व योग अपनाना और गरीबों की मदद करना।
पीएम मोदी ने कहा, 'आज हम सब भारत की अध्यात्म परंपरा के एक महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी बन रहे हैं। पूज्य आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, उनकी जन्म शताब्दी का ये पून्य पर्व... उनकी अमर प्रेरणाओं से ओत-प्रोत यह कार्यक्रम एक अभूतपूर्व प्रेरक वातावरण का निर्माण हम सबको प्रेरित कर रहा है।




### 'भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता'

पीएम मोदी ने कहा, 'भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि... हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस दर्शन के स्रोत हैं- हमारे ऋषि-मुनि, महर्षि, संत और आचार्य। आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, भारत के इसी परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं।

### शताब्दी समारोहः डाक टिकट और सिक्के जारी किए

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को आचार्य विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके शताब्दी समारोह के दौरान डाक टिकट और इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'यह दिन इसलिए भी खास है, क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को 'आचार्य' की उपाधि मिली थी। यह सिर्फ सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और करुणा से जोड़ने वाली 'पवित्र धारा' भी थी। आज जब हम उनकी 100वीं जयंती मना रहे हैं तो यह हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है...' भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम एक साल तक चलने वाले राष्ट्रीय श्रद्धांजलि समारोह की औपचारिक शुरूआत का प्रतीक है। इसका उद्देश्य आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती का सम्मान करना है। साहित्यिक, शैक्षिक और आध्यात्मिक पहल की जाएंगी। समारोह का उद्देश्य आचार्य विद्यानंद जी महाराज के जीवन और परम्परा का जश्न मनाने के साथ-साथ उनके संदेश का प्रसार करना है।



एक कार्यक्रम में चीफ जस्टिस बीआर गवई का स्वागत करते आयोजनकर्ता।

## प्रस्तावना में बदलाव संभव नहीं, फिर भी 1976 में इसे बदला गयाः धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आरएसएस ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का मुद्दा उठाया था। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता क्योंकि यह वह बीज है जिस पर यह दस्तावेज विकसित होता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल को लेकर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता क्योंकि यह वह बीज है जिस पर यह दस्तावेज विकसित होता है। लेकिन भारत के अलावा किसी अन्य देश के संविधान की प्रस्तावना में परिवर्तन नहीं किया गया। एक पुस्तक विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम द्वारा बदल दिया गया। इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़े गए। हमें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा।

### उपराष्ट्रपति ने आपातकाल को लेकर बड़ा हमला बोला

**आरएसएस ने उठाया था संविधान की समीक्षा का मुद्दा**
आरएसएस ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का मुद्दा उठाया था। आरएसएस ने कहा था कि इन शब्दों को आपातकाल के दौरान संविधान में शामिल किया गया था और ये कभी भी आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे।

## पीएम ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से बात की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की। उन्होंने इस दौरान शुभांशु से पूछा कि क्या हलवा अपने साथियों को खिलाया। इसके जवाब में कैप्टन ने कहा कि ये कुछ चीजें मैं अपने देश की खाने की लेकर आया था, जैसे गाजर का हलवा, मूंगदाल का हलवा और आमरस। मैं चाहता था कि ये बाकी देशों से मेरे साथी हैं, वो भी इसका स्वाद लें। वो भी भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव करें। हम सभी ने बैठकर



साथ में इसका स्वाद लिया। सबको बहुत पसंद आया।

**पीएम मोदी ISS पर गए शुभांशु से बोले- आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ, देश की भावनाएं आपके साथ**
शुभांशु इन दिनों नासा के एक्सिओम 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को ऐतिहासिक यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए, जो 41 साल के अंतराल के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है। प्रधानमंत्री- आज आप हमारी मातृभूमि से दूर हैं, लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ भी है। इस समय सिर्फ हम दोनों ही बात कर रहे हैं, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों की भावनाएं भी मेरे साथ हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग है। मैं आपको अंतरिक्ष में हमारा झंडा फहराने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

**ऐतिहासिक**

### भारतीय एस्ट्रोनॉट बोले- अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है, रोज 16 सूर्योदय, 16 सूर्यास्त देखते हैं

## हिंदू समाज को स्नेह सूत्र में बांधना संघ का लक्ष्यः मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुणेः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल विचार अपनापन है। अगर संघ को एक शब्द में बयान किया जाए तो वह 'अपनापन' होगा। भागवत बोले- संघ का उद्देश्य पूरे हिंदू समाज को अपनेपन और स्नेह के सूत्र में बांधना है। साथ ही, हिंदू समाज ने यह जिम्मेदारी भी ली है कि वह पूरी दुनिया को भी इसी अपनेपन के सूत्र में बांधे। संघ प्रमुख भागवत पुणे में आयुर्वेदाचार्य दिवंगत वैद्य पीवाय खडीवाले की जीवनी के विमोचन कार्यक्रम में




बोल रहे थे।

**भागवत के बयान की बड़ी बातें...:** जानवरों के मुकाबले इंसान के पास बुद्धि होती है। अगर वह बुद्धि का सही इस्तेमाल करे तो और बेहतर बन सकता है, लेकिन अगर उसी बुद्धि का गलत इस्तेमाल करे तो और भी बुरा बन सकता है। इंसान को बुराई से रोकने वाली एकमात्र चीज है अपनापन और स्नेह। गिविंग बैक शब्द आज अंग्रेजी में फैशन बन गया है, लेकिन भारत में यह भावना बहुत पहले से है। भागवत ने कहा कि संघ यह सिखाता है कि अगर कोई आपके प्रति अपनापन दिखा रहा है, तो आपको भी वैसा ही स्नेह और करुणा दिखानी चाहिए। संघ क्या करता है।
यह हिंदुओं को संगठित करता है। इस बढ़ती हुई आत्मीयता की भावना को और मजबूत किया जाना चाहिए, क्योंकि पूरा विश्व इसी से चलता है।

## एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है।

**नशा मुक्त राज्य** पे मैट्रिक्स लेवल-11 के पदों को ग्रुप-बी से ग्रुप-सी में पुनर्वर्गीकृत करने का भी निर्णय लिया गया

## हिमाचल कैबिनेटः 500 पशु मित्रों की भर्ती, मानदेय बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यहित से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने पशुपालन विभाग में 500 पशु मित्रों के पदों को भरने की मंजूरी दी है। इन्हें पांच हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी कर उसे 5000 से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रतिमाह करने को स्वीकृति दी गई। इससे लगभग पांच हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इसके



अतिरिक्त मंत्रिमंडल ने प्रदेश की सभी 3645 पंचायतों में आपदा की स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए पंचायत आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित करने की भी मंजूरी प्रदान की है। बैठक में पे मैट्रिक्स लेवल-11 के पदों को ग्रुप-बी से ग्रुप-सी में पुनर्वर्गीकृत करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे अब केवल हिमाचल प्रदेश के मूल निवासी ही इन पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में ये पद ग्रुप-बी में आते थे और भर्ती हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती थी, जबकि अब इन्हें ग्रुप-सी श्रेणी में रखते हुए भर्ती हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा की जाएगी।

**लाभान्वित होंगे**

### मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी कर उसे 5000 से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रतिमाह किया



# निगम क्षेत्र को जलभराव मुक्त और विकसित बनाना हमारा साझा संकल्पः मेयर

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर):** बारिश में हुए जलभराव की लचर व्यावस्था की वास्तविक स्थिति व जलभराव के कारण जानने को लेकर मेयर सुमन बहमनी तीन दिन से फील्ड में उतरी हुई है। वार्ड नंबर 21, 20 व 22 का दौरा करने के बाद मेयर सुमन बहमनी ने अब वार्ड नंबर एक, 10 व आठ में जलभराव का जायजा लिया। जलभराव के प्रभावित लोगों के घर जाकर उनकी समस्याएं सुनी और उनके प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। सबसे पहले मेयर सुमन बहमनी वार्ड नंबर एक में पहुंची। यहां उन्होंने वार्ड पार्षद रीना रस्तोगी के साथ रटौली गांव में



बन रहे नाले के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। स्थानीय नागरिकों द्वारा नाले निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री इस्तेमाल किए जाने की शिकायत की। महापौर ने निगम अधिकारियों और निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को सख्त निर्देश दिए। अधिकारियों को नाले की निर्माण सामग्री की जांच कराने के आदेश दिए। मेयर बहमनी ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। कार्य को सही ढंग से और तय मानकों के अनुसार पूरा किया जाए। वहीं, उन्होंने वार्ड में जलभराव वाले इलाकों का दौरा किया।

**जलभराव के सभी प्वाइंट चिन्हित कर अधिकारियों को दिए सफाई कराने के निर्देश –** वार्ड एक के बाद मेयर सुमन बहमनी अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 10 में पहुंची। यहां उन्होंने पार्षद प्रतिनिधि पवन प्रताप यादव खालसा कॉलेज रोड व आजाद नगर की विभिन्न गलियों और यमुना नहर तक जलभराव के सभी प्रमुख प्वाइंट का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित किया। मेयर बहमनी ने सफाई अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर चिन्हित जलभराव स्थलों पर त्वरित कार्रवाई करें। नालों में जहां गंदगी व गाद जमा है, उसे तुरंत साफ कराए। ताकि बारिश के मौसम में नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## वीडियो कॉल कर अधिकारियों को दिखाया सड़क में बना गड्ढा, तुरंत ठीक कराने के आदेश दिए

**इसके** उपरांत मेयर अधिकारियों संग वार्ड नंबर 8 की प्रोफेसर कॉलोनी पहुंची। हाल में हुई बारिश के कारण प्रोफेसर कॉलोनी के मुकंद लाल कॉलेज होस्टल रोड पर सड़क में बड़ा गड्ढा बना हुआ था। मेयर ने विभोर पहुजा इसका निरीक्षण किया। उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से अधिकारियों को मौके की स्थिति दिखाई और गड्ढों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मेयर ने प्रोफेसर कॉलोनी के लोगों के घरों में जलभराव की स्थिति का भी जायजा लिया। लोगों ने उन्हें जलभराव में होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। साथ ही घर में खराब हुए सामान की जानकारी दी। मेयर बहमनी ने हर निवासी की समस्या को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत कदम उठाने के आदेश दिए। मेयर ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और सभी विभागीय अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें। नगर निगम क्षेत्र को जलभराव मुक्त और विकसित बनाना हमारा साझा संकल्प है। इसमें शहरवासी भी सहयोग करें।

## ईट मारकर मां की हत्या करने का आरोपी काबू

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पावटी गांव में मामूली धरेलू कहासुनी में अपनी मां के सिर में ईट मारकर हत्या करने के आरोपी बेटे को थाना समालखा पुलिस ने शुक्रवार शाम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी कपिल ने अपनी मां की ईट से वार कर हत्या करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने अपनी मां बिरमला से पैसे उधार लेकर उनके साथ लगते प्लाट में नया मकान बनाया था। मां बिरमला ने उसको कही से ब्याज पर लाकर पैसे दिए थे। वह अब पैसे नहीं लौटा पा रहा था, पैसों को लेकर मां व भाईयों के साथ उसकी कहासुनी होने लगी थी। 26 जून की शाम को मां बिरमला के साथ उसकी पैसों को लेकर मामूली कहासुनी हो गई।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त **मृत्युंजय**, मेसर्स एएच क्रिएशन्स के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, **पताः** बी–4, एलजी तल, गली नं. 15, मधु विहार, आई पी एक्स्टेंशन, दिल्ली–92 ने कोर्ट मुकदमा **सं. 538380/16 U/s 138 NI ACT, थानाः पहाड़गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मृत्युंजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मृत्युंजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट मुकदमा **सं. 538380/16 U/s 138 NI ACT, थानाः पहाड़गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मृत्युंजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देशना गोलेच्छा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी (एन आई एक्ट)–07, केंद्रीय कोर्ट नं. 507, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/8398/CD/2025
(Court Matter)

# अमरनाथ यात्रा के लिए भंडारे की सामग्री व भक्तों का जत्था रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत** । राष्ट्रीय लोकदल पार्टी सोनीपत के वरिष्ठ नेता नरेंद्र छिक्कारा द्वारा श्रद्धालुओं का जत्था व भंडारे की सामग्री अमरनाथ की पावन यात्रा के लिए रवाना की गई । नरेंद्र धिक्कारा बाबा भोलेनाथ के भक्त हैं व पिछले 15 वर्षों से अमर नाथ यात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं।
नरेंद्र छिक्कारा का कहना है कि लगभग चालिस दिन की इस भव्य यात्रा में भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करने से दिल को जो सुकून मिलता है उसको शब्दों में नही बताया जा सकता। उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी जोकि इस वर्ष 38 दिनों की होगी। यह यात्रा दो रास्तों से की जाती है , पहला




बालटाल और दूसरा रास्ता पहलगाम से है । बालटाल मार्ग से यात्रा में 2 से 3 दिन लगते हैं जबकि पहलगाम मार्ग से 3 से 4 दिन लग सकते हैं। बालटाल मार्ग से यात्रा करने वाले तीर्थयात्री आमतौर पर 2-3 दिनों में यात्रा पूरी कर सकते हैं यह मार्ग पहलगांव मार्ग से कुछ छोटा पडता है जिसके चलते यहां से यात्रा 2 से 3 दिन में पूरी हो जाती है। पहलगाम मार्ग बालटाक मार्ग से कुछ लंबा है जिस कारण इसमे यात्रियों को 3 से 4 दिन लग जाते हैं। नरेंद्र छिक्कारा ने बताया कि यात्रा से पहले की तैयारियां और यात्रा के बाद आराम के समय को भी शामिल शामिल किया जाए तो कुल मिलाकर 10 से 15 दिन लग सकते हैं। हम अमरनाथ यात्रियों के लिए लगभग चालिस दिन शुद्ध प्रसाद व आराम के लिए बेहतर व्यवस्था करते हैं जिससे दिल को बडा सुकून मिलता है।

## अस्पताल परिसर की सड़कों को बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने लगाया टेंडर

**सोनीपतः** जिला नागरिक अस्पताल परिसर में टूटी व बदहाल सड़कों को जल्द बनाने का रास्ता साफ हो गया है। पीडब्ल्यूडी ने अब इन सड़कों को बनाने के लिए टेंडर लगाया है। सड़कें बनाने का काम अब जुलाई में शुरू हो सकेगा। सड़के बनने के बाद अस्पताल कर्मचारियों के साथ उपचार के लिए आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी।
बता दें कि नागरिक अस्पताल परिसर के अंदर ट्रेनिंग सेंटर, जिला स्वास्थ अधिकारी कार्यालय, टीकाकरण कक्ष, टीबी शाखा, आयुष की बिल्डिंग, स्टाफ क्वार्टर के साथ-साथ ओपीडी एरिया भी है। हर दिन अस्पताल में हजारों मरीज आते हैं।

## नवनिर्मित गोबर गैस प्लांट का सीईओ ने किया निरीक्षण



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जिला परिषद की कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने गत दिवस जिला परिषद और डी.आर.डी.ए. द्वारा उपमंडल समालखा के गांव भोडवाल माजरी के नवनिर्मित गोबर गैस प्लांट का निरीक्षण किया गया वह प्लांट में तैयार हो रही गैस का अवलोकन किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजनाथ**, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **मेसर्स माया इंडस्ट्रीज पावर**, शिवम अंसल बिल्डिंग RDC गाजियाबाद (उ0प्र0) –201002 **यहाँ भीः** D-45, भूतल, खसरा नं0–5321, गांव हसनपुर, दिल्ली, ने **CC No. 25213/2016, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजनाथ,** अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **मेसर्स माया इंडस्ट्रीज पावर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजनाथ,** अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **मेसर्स माया इंडस्ट्रीज पावर,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 25213/2016, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजनाथ,** अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **मेसर्स माया इंडस्ट्रीज पावर,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, उत्तर–पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/8434/NW/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सुरजीत कुमार पुत्रः** राज कुमार **पताः** एन–930, मंगोलपुरी, राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली, ने **FIR No. 233/23, U/s 25 Arms Act थानाः राज पार्क, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरजीत कुमार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरजीत कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 233/23, U/s 25 Arms Act थानाः राज पार्क, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुरजीत कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03 कमरा नंबर 107
पहली मंजिल रोहिणी कोर्ट दिल्ली
DP/8492/OD/2025
(Court Matter)

# पानी निकासी की समस्या का किया जा रहा समाधानः रामकरण

**समाधान**

- शाहाबाद के सभी पार्षदों के सहयोग से शाहाबाद शहर में पानी की समस्या के समाधान किए जा रहे है



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा (प्रदीप कुमार)**
**कांग्रेस** विधायक रामकरण काला नें बरसाती पानी के जल भराव और निकासी प्रबंधो को लेकर अधिकारियों पर निशाना साधा है रामकरण काला ने सड़कों पर हुए बरसाती पानी के जल भराव, बंद पड़े नालों, और चौक हुए शिवराजों को लेकर अधिकारियों पर ठीकरा फोड़ा है। उन्होंने सीधे तौर पर अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। हुड्डा और नगर परिषद के सिवरेज को लेकर रामकरण काला नें कहा की यहाँ व्यवस्था बनाने के लिए मेरे प्रयास जारी हैं। शाहाबाद के सभी पार्षदों के सहयोग से शाहाबाद शहर में पानी की समस्या के समाधान किए जा रहे है लेकिन उन्होंने सरकार व प्रशाशन पर निशाना साधते हुए कहा कि कई गांव में 50 प्रतिशत तक फसल आज भी डूबी हुई है और इसका कारण सड़कों पर बनी पुलियों की सफाई नहीं होना है ,उन्होंने कहा कि इस बारे अधिकारियों को कई बार बोला जा चुका है लेकिन अभी तक सफाई नहीं हुई , अगर पुलियों की सफाई हो जाए तो पानी एक जगह नहीं रुकेगा जिससे किसानों की फसल खराब नहीं होगी ,उन्होंने दादूपुर - नलवी नहर का जीकर करते हुए कहा कि सरकार को नहर की खुदाई करानी चाहिए ,अगर खुदाई नहीं भी करवानी है तो पानी की निकाशी के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जा सकती है जिससे पानी सीधा नहर में गिराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमने सर्वे भी कराया है जिसमें पानी को निकाशी के लिए प्रबंधों को लेकर प्लान तैयार किए गए है ,उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड पाइप लाइन या किसी सीवरेज की सफाई जैसे भी संभव हो पाएगा हम उसके लिए काम करेंगे।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16250030 | वाल्व असेंबली | 417 नग | 24.07.2025 |
| 02 | 09252132 | कप्लर बॉडी विथ शैंक वियर प्लेट | 11104 नग | 25.07.2025 |
| 03 | 09252593 | स्पेयर्स ऑफ ए पी एम | 1683 सेट | 28.07.2025 |
| 04 | 16250031 | वाल्व असेंबली | 264 नग | 29.07.2025 |
| 05 | 16250035 | पिस्टन असेंबली | 190 नग | 04.08.2025 |
| 06 | 09252327 | रबर स्प्रिंग फॉर ड्रा गियर | 2298 सेट | 04.08.2025 |
| 07 | 19250583 | रिपेयर किट फॉर इ पी रिले वाल्व | 753 सेट | 04.08.2025 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: 26/2025-2026 दिनांक 27.06.2025
1957/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नी उर्फ नेपाली** पुत्र हीरा लाल निवासी मकान नं. 2/91, अंबेडकर नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 01094/2019 धारा 379/411/34 भा.द.स. थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सन्नी उर्फ नेपाली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सन्नी उर्फ नेपाली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 01094/2019 धारा 379/411/34 भा.द.स. थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ नेपाली** से अपेक्षा की जाती हैं कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.09.2025** को हाजिर हों।

आदेशानुसारः सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 107, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/8345/RD/2025

# पारस हेल्थ ने हृदय रोगियों के लिए पेश की बिना सर्जरी की आधुनिक तकनीकेंः डॉ. अमित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** पारस हेल्थ गुरुग्राम ने उत्तर भारत में हृदय रोगियों के लिए कई नई और बिना सर्जरी वाली तकनीकों का सफलतापूर्वक उपयोग शुरू किया है। अस्पताल ने ट्रांसकैथेटर ऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट, माइट्राक्लिप और दुनिया का सबसे छोटा पेसमेकर पेश किया है, जो विशेष रूप से बुजुर्ग और उच्च-जोखिम वाले मरीजों के लिए लाभदायक हैं। इस पहल के तहत जानकारी एक कार्यक्रम में साझा की गई, जिसमें




क्षेत्र के प्रमुख डॉक्टर, हेल्थकेयर एक्सपर्ट और मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे। इन नई तकनीकों का मुख्य उद्देश्य ओपन हार्ट सर्जरी की जगह कम दर्दनाक और प्रभावी उपचार प्रदान करना है। ट्रांसकैथेटर ऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट और माइट्राक्लिप जैसी प्रक्रियाएं बिना बड़े चीरे के, पतली ट्यूब के माध्यम से हृदय के खराब वॉल्व का इलाज करती हैं। इससे मरीजों को जल्दी ठीक होने में सहायता मिलती है और अस्पताल में कम समय बिताना पड़ता है। पारस हेल्थ के कार्डियोलॉजी डायरेक्टर, डॉ. अमित भूषण शर्मा ने इस पहल की अहमियत को बयान करते हुए बताया कि, "ये तकनीकें बुजुर्ग मरीजों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प हैं।"

# बारिशों में पानी निकासी की दिक्कत आने पर विभाग के अधिकारी होंगे जिम्मेवारः नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को फील्ड में जाकर बरसाती पानी की निकासी के प्रबंधों का जायजा लेने के दिए आदेश, सभी विभागों के अधिकारियों को समय रहते पूरे करने होंगे प्रबंध
कुरुक्षेत्र,28 जून। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बारिशों के सीजन में अगर किसी जगह भी पानी का भराव हुआ या पानी निकासी में कोई दिक्कत आई तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारी की जिम्मेवारी तय की जाएगी। इसलिए सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी फील्ड में जाकर



जायजा लेंगे और जहां कहीं भी कोई कमी है तो उसे समय रहते दुरूस्त करेंगे। इस मामलें में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जिले में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को सरस्वती नदी में जाने से रोका जा सके।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मै जोकि अशोक कुमार पुत्र जीत राम निवासी गांव घसौली तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत का निवासी अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि प्रदीप मेरा पुत्र है वह मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं प्रदीप को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में प्रदीप से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा: रेखा

1975 में सिर्फ एक परिवार की सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस सरकार ने पूरे देश को एक खुली जेल में तब्दील कर दिया था

**विचार**

एक परिवार की सत्ता बचाने के लिए, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सब कुछ बेरहमी से कुचल दिया गया







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आपातकाल सिर्फ एक राजनीतिक निर्णय नहीं, वो भारतीय लोकतंत्र की निर्मम हत्या थी। सिर्फ एक परिवार की सत्ता बचाने के लिए, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय का आत्मबल, संविधान की आत्मा- सब कुछ बेरहमी से कुचल दिया गया। यह बातें मुख्यमंत्री ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा महाराष्ट्र सदन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में लोकतंत्र की हत्या के उस काले अध्याय पर अपने विचार साझा करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1975 में सिर्फ एक परिवार की सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस सरकार ने पूरे देश को एक खुली जेल में तब्दील कर दिया था। हजारों देशभक्तों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में डाल दिया गया। आज जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि भारत की आत्मा को सबसे गहरा आघात कांग्रेस की ही तानाशाही ने पहुंचाया था। उन्होंने कहा तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय और संविधान के मूल्यों का गला घोंटकर संविधान की हत्या कर दी थी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारीशक्ति, राष्ट्रशक्ति बन रही है। महिलाओं को आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन और स्वच्छ जल जैसी बुनियादी सुविधाएं मिली हैं। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति और महिलाओं को संसद एवं विधानसभाओं में 33 फीसद आरक्षण के माध्यम से लोकतंत्र में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

अब समय है हम महिलाएं न केवल जागरूक बनें, बल्कि जिम्मेदारी लें और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस प्रेरक अवसर पर दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष रिचा पांडेय सहित अनेक प्रेरणादायी महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# दिल्ली समेत एनसीआर में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**राहत**

दिल्ली समेत एनसीआर में शनिवार दोपहर को लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में शनिवार दोपहर को लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली। सुबह से ही लोग गर्मी से परेशान हो रहे थे। लेकिन दोपहर बाद अचानक से आसमान में काले बादल छा गए। जिसके बाद कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद जैसे शहरों में बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट और आरके पुरम में झमाझम बारिश से मौसम बदल गया है। फरीदाबाद में भी शनिवार को दोपहर बाद तेज बारिश होने से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। वहीं दुपहिया वाहन चालक बारिश का आनंद लेते नजर आए। वहीं नोएडा के साथ ग्रेटर नोएडा में दोपहर के वक्त आसमान में अचानक काले बादल छा गए। जिसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई।

इतना ही नहीं गाजियाबाद में भी तेज बारिश हो रही है। दिल्ली में खिली धूप से बढ़ी गर्मी ने शुक्रवार को दिल्लीवालों को बेहाल कर दिया था। तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। हालांकि, मौसम विभाग ने शनिवार से यलो अलर्ट जारी किया था। साथ ही उम्मीद जताई है कि शाम को हल्की बारिश होगी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार पूरे सप्ताह हल्की बारिश हो सकती है।

# कोरोना हर दिन ले रहा जान, रहे सावधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में घटते कोरोना के मरीजों के बीच 29 साल की महिला ने कोविड से दम तोड़ दिया। महिला को पहले से दूसरी बीमारी से पीड़ित थी। इलाज के दौरान उन्हें संक्रमण हुआ।

**29 वर्षीय महिला की कोरोना से मौत**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार शुक्रवार को 29 वर्षीय महिला ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। उन्हें पहले से सेप्सिस, सेप्टिक शॉक, सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस, ल्यूपस नेफ्रैटिस क्लास वी, एक्यूट ऑन क्रॉनिक क्रोनिक किडनी डिजीज, सीकेडी-एमबीडी (हाई बोन टर्नओवर), एलआरटीआई, लोअर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, गंभीर हाइपोकैल्सीमिया की समस्या थी।

**बीते शुक्रवार को आए 36 नए केस**

संक्रमण होने के कारण समस्या बढ़ी और उन्होंने दम तोड़ दिया। डाटा के अनुसार दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 311 है। इनमें से शुक्रवार को 36 नए मामले सामने आए।

दिल्ली में जनवरी से अब तक ठीक हुए इतने मरीज

दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक 3474 मरीज कोरोना से ठीक हो चुके हैं। इनमें से शुक्रवार को 76 मरीज कोरोना से ठीक हुए।

## पार्क में धक्का देकर पिता पर पत्थरों से किया, हमला मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मध्य जिले के आराम बाग इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक 45 वर्षीय व्यक्ति की उसके ही बेटे द्वारा कथित रूप से हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी 27 जून को पुलिस थाना पहाड़गंज को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि मृतक का नाम विनोद है, जो अंबेडकर भवन, झुग्गी में रहता था। पूछताछ करने पर एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि विनोद को उसके बेटे भानु प्रताप ने पार्क में झगड़े के दौरान धक्का दिया और फिर पत्थरों से उसके सिर व छाती पर वार किए।

# अशोक विहार से 18 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले की विदेशी शाखा ने एक विशेष अभियान चलाकर अशोक विहार क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे से 18 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 ट्रांसजेंडर (किन्नर) भी शामिल हैं। यह लोग भीख मांगने के बहाने खुद को भारतीय महिला या ट्रांसजेंडर बता कर छुपे हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से 7 स्मार्टफोन भी बरामद किए गए हैं, जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल था, जिसका उपयोग ये बांग्लादेश में अपने परिवारों से संपर्क के लिए कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक उत्तर-पश्चिम जिले में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं। इस ऑपरेशन का नेतृत्व इंस्पेक्टर विपिन कुमार ने किया। पुलिस अधिकारी के अनुसार पुलिस टीम ने अशोक विहार इलाके की लगभग 100 झुग्गियों और 150 गलियों की जांच की।

इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। उससे मिली जानकारी के आधार पर 13 लोगों को पकड़ा गया, जिनमें पुरुष, महिलाएं और तीन छोटे बच्चे शामिल हैं। इन सभी के पास वैध यात्रा दस्तावेज, वीजा या परमिट नहीं थे।इसी क्रम में पुलिस ने इलाके में भीख मांगने वाले पांच ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पकड़ा।



**अवैध**

यह लोग भीख मांगने के बहाने खुद को भारतीय महिला या ट्रांसजेंडर बता कर छुपे हुए थे, लोगों के पास से 7 स्मार्टफोन भी बरामद किए गए

# पार्ट-टाइम नौकरी के नाम पर फैशन डिजाइनिंग छात्रा से ठगी, चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस टीम ने पार्ट-टाइम नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। टीम ने तीन दिनों में 1800 किलोमीटर की दूरी तय कर हरियाणा और राजस्थान में छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरोह, सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप के जरिए भोले-भाले लोगों को होटल-रेस्टोरेंट में रेटिंग जैसे कामों का झांसा देकर लाखों की ठगी करता था। पुलिस के मुताबिक फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई कर रही 32 वर्षीय छात्रा ने शिकायत दी थी कि उसे व्हाट्सएप पर पार्ट-टाइम जॉब का ऑफर मिला। जिसमें होटल और रेस्टोरेंट्स की रेटिंग देकर पैसे कमाने का लालच दिया गया। पहले छोटे-छोटे टास्क के बदले 50-100 भेजे गए, फिर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया और निवेश करवाया गया। छात्रा ने कुल 90,800 अलग-अलग ट्रांजैक्शनों में जमा किए। जब पैसा वापस नहीं मिला और लगातार नए भुगतान की मांग की गई, तो उसे ठगी का अहसास हुआ। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच के दौरान 100 मोबाइल नंबरों, बैंक खातों व मनी ट्रेल की गहराई से जांच की गई। इस बीच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोनीपत, हरियाणा से अंशुल कुमार (20) व संदीप (19) गिरफ्तार हुए। उनकी निशानदेही पर जोधपुर, राजस्थान से राजेंद्र उर्फ राजू (23) और रविंद्र बेड़ा उर्फ राकेश (20) को पकड़ा गया।

**आरोपी काबू**

टीम ने हरियाणा और राजस्थान में छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है



# मामूली कहासुनी में युवक की चाकू मारकर हत्या




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। महज स्कूटी के छू जाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी के बाद 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान यश के रूप में हुई है, जो रानी गार्डन का रहने वाला था। यह घटना 27 जून की रात करीब 9:41 बजे सामने आई जब लक्ष्मी नगर स्थित एक अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक को चाकू लगने के बाद मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यश अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी स्कूटी एक नाबालिग को हल्के से छू गई। इसी बात पर यश और नाबालिग के बीच कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि अमान, लकी और नाबालिग ने यश का पीछा किया और गीताकॉलोनी पुश्ता फ्लाईओवर के पास अमान ने यश की पीठ में चाकू मार दिया।

वारदात के बाद यश को राहगीरों की मदद से पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल रहा। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमान, लकी और नाबालिग को पकड़ लिया है।

**जांच जारी**

मृतक की पहचान यश के रूप में हुई है, जो रानी गार्डन का रहने वाला था। 27 जून की रात करीब 9:41 बजे सामने आई

# रोड रेज या लव एंगल? शाहदरा हत्याकांड में आया नया मोड़




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिले में गीता कॉलोनी के रानी गार्डन में 19 वर्षीय एक लड़के की चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। शुरूआत में बताया गया कि रोडरेज के चलते हत्या हुई है। लेकिन मृतक की मां के बयान के बाद मामले में नया मोड आ गया है। मृतक यश की मां का आरोप है कि यह हत्या साजिश के तहत की गई है। उन्होंने एक लड़की का नाम भी लिया है। यश की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो की पहचान अमान और लकी के रूप में हुई है और एक नाबालिग है। शाहदरा डीसीपी प्रशांत गौतम ने कहा, "कल रात 9:50 बजे हमें आर.एस. ग्रोवर अस्पताल से सूचना मिली कि 19 वर्षीय यश को मृत घोषित कर दिया गया है। जांच में पता चला कि यश अपने चचेरे भाई के साथ गीता कॉलोनी के रानी गार्डन इलाके में स्कूटी पर जा रहा था, जहां स्कूटी एक लड़के से छू गई और फिर झगड़ा हो गया और उसी दौरान अमान नामक लड़के ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और अस्पताल ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि इसमें 3 लोग शामिल हैं, जिनमें से 2 वयस्क हैं, अमान और लकी, और तीसरा 15 वर्षीय नाबालिग है। उन्हें पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। अमान का आपराधिक इतिहास रहा है। लकी का कोई रिकॉर्ड नहीं है।"

मृतक यश की मां राखी ने कहा, "मुझे फोन आया कि किसी ने मेरे बेटे को मार दिया है। उसे साजिश के तहत मारा गया है। मैं चाहती हूं कि जिस लड़की और लड़के का नाम इस मामले में शामिल है, उनसे पूछताछ कर उन्हें सजा दी जाए। मुझे पुलिस पर भरोसा नहीं है, वो अपराध करने वालों के घर की सुरक्षा कर रही है।

**साजिश**

मृतक यश की मां का आरोप है कि यह हत्या साजिश के तहत की गई है। एक लड़की का नाम भी लिया है

# राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष पूरे होने पर मनेगा सांख्यिकी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) 29 जून को राजधानी नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 19वां सांख्यिकी दिवस मनाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह करेंगे, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बतााया कि वर्ष 2007 से प्रत्येक वर्ष सांख्यिकी दिवस राष्ट्रीय प्रासंगिकता की थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के लिए थीम (विषय) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष है, जो भारत में साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने और शासन का समर्थन करने वाले विश्वसनीय एवं समयबद्ध सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के अध्यक्ष प्रो. राजीव लक्ष्मण करंदीकर और एमओएसपीआई सचिव डॉ. सौरभ गर्ग भी संबोधन देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के लिए सामाजिक-आर्थिक नियोजन और नीति निर्माण में खासकर युवा पीढ़ी के बीच सांख्यिकी के महत्व के बारे में जन जागरूकता पैदा करना है। यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी रहे प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है।




**प्रासंगिकता**

राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के अध्यक्ष प्रो. राजीव लक्ष्मण करंदीकर और एमओएसपीआई सचिव डॉ. सौरभ गर्ग भी संबोधन देंगे

## जीटीबी अस्पताल में गाली-गलौज, सीनियर डॉक्टर का सिर फोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जीटीबी अस्पताल में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) की गश्त के दौरान अज्ञात लोगों ने एक सीनियर डॉक्टर कुलदीप कुमार पर हमला कर दिया। डॉक्टर को सिर में चोट आई है। हमलावरों में से एक ने खुद को दिल्ली पुलिस के एएसआई बताया। जब उससे आईडी कार्ड दिखाने के लिए कहा गया तो उसने अपना आईडी कार्ड नहीं दिखाया। डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया, "कैंपस में कुछ समय पहले छेड़छाड़ और हत्या की घटनाएं सामने आई थी।

# आईआईटी दिल्ली में चेंज मेकर्स 2025 समर बूटकैंप का सफल समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में आयोजित 'चेंज मेकर्स 2025 समर बूटकैंप' का सफल समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर के 11वीं, 12वीं और स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों ने हिस्सा लिया और पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न गंभीर समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। छात्रों ने अपनी मेहनत से ऐसे नवाचार और नमूने तैयार किए जो प्रदूषण, जल संकट, गर्मी की लहरों, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक कचरे जैसी समस्याओं के व्यावहारिक हल सुझाते हैं। यह तीन सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 जून से शुरू होकर 27 जून तक चला, जिसमें 106 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को 18 समूहों में बांटा गया और हर समूह को एक प्रमुख पर्यावरणीय समस्या पर काम करने का अवसर दिया गया। प्रदर्शनी में छात्रों ने ऐसे समाधान प्रस्तुत किए जो किसानों की सिंचाई में मदद कर सकते हैं। वाहनों से निकलने वाले धुएं को नियंत्रित कर सकते हैं। घरों में बेकार पानी को फिर से उपयोग में लाने की व्यवस्था कर सकते हैं। कचरे को अलग-अलग करके उसका बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। समुद्रों में प्लास्टिक के खतरे को कम कर सकते हैं। दिल्ली की एक छात्रा अनिशा शर्मा ने बताया कि गर्मी की लहरों से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान से जुड़ी मोबाइल योजना पर काम करते हुए उन्होंने टीम भावना और साझा सोच का महत्व सीखा। पारंपरिक हलमा की भावना- बिना किसी स्वार्थ के एक साथ काम करना – उन्हें समझ में आया। एक अन्य छात्रा पार्थिवी नरूला ने बताया कि समुद्री प्लास्टिक से निपटने के लिए एक विशेष प्रकार के जैविक पदार्थ को विकसित करते समय उन्हें प्रयोगशाला में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन वहीं से उन्हें सबसे अधिक सीखने को मिला।




**नवाचार**

नवाचार और नमूने तैयार किए जो प्रदूषण, जल संकट, गर्मी की लहरों, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक कचरे जैसी समस्याओं के व्यावहारिक हल सुझाते हैं

# युवा मॉक पार्लियामेंट नीति-निर्माण की एक जीवंत प्रयोगशाला: सीएम

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित युवा मॉक पार्लियामेंट मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने संविधान का तार-तार किया और आज कांग्रेस की चौथी पीढ़ी के युवराज संविधान की किताब को हाथ में लेकर मोदी सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करते फिर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को विपक्ष की गरिमा की भी कोई चिंता नहीं है। आज विपक्ष की गरिमा निचले स्तर तक पहुंच चुकी है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि युवाओं को कांग्रेस द्वारा थोपे गए आपातकाल के काले अध्याय के सच से अवगत कराना जरूरी है, ताकि युवा लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सजग रहें। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की जो गरिमा होती है वह





नीचले स्तर तक पहुंच चुकी है। कांग्रेस ना तो लोकतंत्र का और ना ही संविधानिक पदों पर बैठे राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद का सम्मान करती है। कांग्रेस के नेता देश का अपमान करने वाले शब्द बोलते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज ने अपनी ही सरकार में अध्यादेश के बिल को फाड़कर प्रधानमंत्री की गरिमा को तार-तार किया था। कांग्रेस के लोग आज भी इसी सपने में जी रहे हैं कि वे ही प्रधानमंत्री हैं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति हैं। देश की जनता ने कांग्रेस को गलत नीतियों के कारण ही सत्ता से बाहर करने का काम किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा मॉक पार्लियामेंट सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, यह लोकतंत्र का उत्सव और नीति-निर्माण की एक जीवंत प्रयोगशाला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से देश को यह स्पष्ट संदेश दें कि लोकतंत्र की रक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि युवा मॉक पार्लियामेंट केवल एक शैक्षणिक अभ्यास भर नहीं है, बल्कि आज के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में भी याद करते हुए, आपातकाल के उस काले अध्याय पर विमर्श करने का अवसर है, जिसने लोकतंत्र की आत्मा को कुचलने का दुस्साहस किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम की धरती पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है, बल्कि लोकतंत्र की एक सशक्त प्रयोगशाला के रूप में इसकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गुरु द्रोण की इस पावन भूमि और मिलेनियम सिटी के रूप में प्रसिद्ध गुरुग्राम ने हमेशा नवाचार और आकांक्षा की भावना को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल की यह पीढ़ी ही वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर करेगी। इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवा मॉक पार्लियामेंट मील का पत्थर साबित होगी। नायब सिंह सैनी ने युवाओं से कहा कि वे संसद को केवल एक इमारत के रूप में न देखें बल्कि उसे 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं के केंद्र के रूप में समझें। संसद में गूंजने वाला हर शब्द और बनने वाला हर कानून देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है। इस युवा मॉक पार्लियामेंट का उद्देश्य केवल संसदीय प्रक्रियाओं की नकल भर करना नहीं है बल्कि उस भावना को आत्मसात करना है जो भारतीय लोकतंत्र को विशिष्ट बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत वह देश नहीं रहा जो दुनिया से मदद मांगता था बल्कि अब भारत वैश्विक समस्याओं के समाधान में भागीदार बन चुका है। उन्होंने कहा कि रक्षा, डिजिटल, स्टार्टअप, टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी, स्पेस टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर मिशन जैसे क्षेत्रों में भारत अब वैश्विक मंच पर अग्रणी स्थान प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे युवा मॉक पार्लियामेंट से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में चार महत्वपूर्ण संकल्प अपनाएं। वे देश के किसी भी एक ज्वलंत मुद्दे पर गहन अध्ययन करें और उसके समाधान के लिए समाज में जागरूकता फैलाएं।

**विपक्ष आज लोकतंत्र का रक्षक बनने का दिखावा कर रहा है : गौरव गौतम**

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को केवल आपातकाल कहना उस दौर की क्रूरता को कम करके आंकना होगा। असल में वह अन्याय काल था, जब संविधान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आम नागरिकों के अधिकारों को बेरहमी से दमन किया गया।

जब कोई चुना हुआ प्रतिनिधि तानाशाही की राह पर चल पड़ता है और सत्ता के मद में संविधान तक की अवमानना करता है, तब लोकतंत्र पर जो कुठाराघात होता है, उसका सबसे बड़ा उदाहरण आपातकाल है।

## युवा राजनीति को सेवा का माध्यम बनाएं: मोहन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 तक विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जो भी शिक्षा मिले, उसे अपने जीवन में आत्मसात करें। राजनीति को सेवा का माध्यम बनाएं और शॉर्टकट, परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार जैसे तत्वों से स्वयं को दूर रखें। बड़ौली ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य 1975 के आपातकाल की वास्तविकता को युवाओं के सामने रखना है और युवाओं को भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय प्रक्रिया से अवगत कराना है। बड़ौली ने कहा कि युवाओं को आपातकाल के काले अध्याय के सच से अवगत कराना जरूरी है, ताकि युवा लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सजग रहे। उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा का इस आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि बीजेपी का युवा मोर्चा नई पीढ़ी को इतिहास से रूबरू करा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### 13 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर भिवानी में मनाई जाएगी: गंगवा

टीम एक्शन इंडिया
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि 13 जुलाई को अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर भिवानी में मनाई जाएगी। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायकगण व अन्य गणमान्य लोग विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। रणबीर गंगवा आज जगाधरी में एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर संत व महापुरुषों को मान-सम्मान देने का कार्य कर रही है और यह जयंतियां सरकारी तौर पर राज्य स्तर पर मनाई जा रही हैं। हाल ही में संत कबीरदास जयंती राज्य स्तर पर सिरसा में, महर्षि कश्यप जयंती इंद्री में, परशुराम जयंती रोहतक में, भगत धन्ना जयंती उचाना में मनाई गई और अन्य संतों व महापुरुषों को सम्मान देने का काम किया गया है। इसी कड़ी में 13 जुलाई को भिवानी में अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर मनाई जाएगी। इस जयंती में हमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रजापति संगठन की ताकत भी दिखानी है और कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने का काम करना है। रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग को सम्मान देने का काम कर रहे हैं। हर वर्ग को साथ लेकर हरियाणा प्रदेश को निरंतर उन्नति के पथ की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तथा शिक्षा प्रसार के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तथा शिक्षा प्रसार के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश के आमजन को स्वास्थ्य लाभ मिले इसके लिए चिकित्सा सुविधाओं को अति आधुनिक बनाया जा रहा है साथ ही गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज एवं उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। भविष्य में हरियाणा एक स्वस्थ एवं समृद्ध प्रदेश बनेगा और नरवाना हलका में भी स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। बेदी शनिवार को नरवाना (जींद) में नागरिक अस्पताल में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट के शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह यूनिट हॉल नगर परिषद द्वारा बनाया जाएगा और इसके निर्माण पर करीब 60 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस ब्लॉक यूनिट में मल्टीपर्पज हॉल की व्यवस्था होगी। इस बहुउद्देशीय हॉल में आवश्यकतानुसार समय-समय विभाग द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किए जा सकेंगे। इसके अलावा इस हाल में पैथोलॉजी लैब, नर्सिंग रूम, बोर्ड रूम तथा अन्य स्वास्थ्य सबंधित चेकअप व टेस्ट की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने कहा कि नरवाना वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से पिछड़ा रहा है और यहां बेहतर चिकित्सा एवं उपचार सुविधाओं की कमी भी रही है। इस क्षेत्र के आसपास दूसरे इलाकों में भी बढ़िया किस्म के अस्पताल तथा मैडिकल संस्थान के ना होने से इलाका वासियों को अपने इलाज के लिए रोहतक, चड़ीगढ़, हिसार या पटियाला जाना पड़ता है। संबंधित मेडिकल संस्थानों की दूरी लम्बी होने के कारण इलाके के मरीजों को कई बार जान का जोखिम बन जाता है। लिहाजा नरवाना में नागरिक अस्पताल में उत्तम किस्म की स्वास्थ्य सेवाएं, उपचार तथा इलाज की सुविधा होना लाजमी है। इस कार्य के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और उनकी कोशिश रहेगी कि नरवाना स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अग्रणी बने। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नागरिक अस्पताल के भवन का भी भविष्य में जीर्णोद्धार करवाया जाएगा और इसमें अति आधुनिक तथा उच्च तकनीक युक्त सेवाओं की उपलब्धता करवाई जाएगी।

# सरकार ने किया सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने राज्य, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और शहरी स्थानीय निकायों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन किया है। हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि आईएएस अधिकारी अंशज सिंह इसके सदस्य सचिव होंगे। अन्य सदस्यों की नियुक्ति बाद में की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। आयोग राज्य सरकार और जिला परिषदों, पंचायत समितियों तथा ग्राम पंचायतों के बीच करों, शुल्कों, उपकरों और टैक्सों की शुद्ध आय के वितरण के लिए सिद्धांतों की सिफारिश करेगा। साथ ही, यह भी बताएगा कि किन करों और शुल्कों को पंचायती राज संस्थाओं को सौंपा या उनके द्वारा संग्रहित किया जा सकता है। इसके अलावा, आयोग राज्य के कंसोलिडेटेड फंड से पीआरआई को दिए जाने वाले अनुदानों और उनकी वित्तीय स्थिति को सुधारने के उपायों पर भी सिफारिश करेगा।

इसी तरह, आयोग शहरी स्थानीय निकायों के बारे में भी सुझाव देगा।

# महापुरूषों द्वारा दिए गए उपदेश आज भी प्रासंगिक: बेदी

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि संत महापुरूष किसी विशेष जाति या वर्ग तक सीमित नहीं होते बल्कि सर्व समाज के आदर्श होते हैं। भारत भूमि आदिकाल से ही साधु, संत, सन्यासी, तपस्वियों एवं महापुरूषों की जननी रही है और समय- समय पर अनेक संतों, गुरुओं ने भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया को समरस्ता, समानता तथा सौहार्द का संदेश दिया है। महापुरूषों द्वारा दिए गए उपदेश वर्तमान समय में भी बराबर प्रासंगिक हैं और संतों की वाणी से सर्व समाज के कल्याण का रास्ता प्रशस्त होता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को नरवाना (जींद) में एलआईसी रोड स्थित वाल्मीकि भवन में संत कबीर जी की 628वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रकट उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने अपने सम्बोन्धन में कहा कि संत कबीर जी का नाम संत महापुरूषों की अग्रणी पंक्ति में आता है। संत कबीर जी किताबी ज्ञान से परे थे, लेकिन दिव्य एवं आलौकिक शिक्षा के भंडार थे। संत शिरोमणि कबीर जी ने जीवन प्रयंन्त समाज को जाति- पाति, छुआछात से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाया। जात का पूछो संत की पूछो उसका ज्ञान, कबीर खड़ा बाजार में, मांगे सबकी खैर, ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर- संत कबीर जी के इन दोहों से आज भी मानव समाज को एकजुटता तथा समरस्ता से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। सामाजिक कुरीतियों से आगे बढ़कर शिक्षा प्रसार के साथ मनुष्य व्यक्तिगत तथा सामाजिक तौर पर मानव जाति के लिए कल्याणकारी बन सकता है और उसे संत कबीर जी की इसी मान्यता को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। संत कबीर जी के सिंद्धातों तथा आदर्शों को अपनाना ही साधु, संतों के प्रति मानव समाज की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि मौजूदा केन्द्र एवं राज्य सरकार संत महापुरूषों द्वारा दिखाए रास्ते पर चलते हुए सर्व समाज के कल्याण की परिकल्पना को साकार करने के प्रति वचनबद्ध है। शोषित, पीड़ित, वंचित तथा पिछड़ा वर्ग का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है। इस दिशा में किसानहित को सर्वोपरी मानते हुए राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण फैसले लागू किए गए हैं जिनका किसानों को भरपूर फायदा मिल रहा है।

**उत्थान**

- **शोषित, पीड़ित, वंचित तथा पिछड़ा वर्ग का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: कृष्ण कुमार बेदी**

# एडवाईजरी, साईबर अपराधियों से बचने के लिए सचेत रहना आवश्यक : अधीक्षक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** साईबर अपराधी अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन के जागरुक होने से ही साईबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा साईबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए पुलिस ने एडवाजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र नीतीश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि साईबर अपराधों से



बचने के लिए जागरुकता व सतर्कता ही सबसे बडा हथियार है। आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरुक करने हेतू पुलिस द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया जाता हैं। आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना होगा।

**साईबर फ्राड से बचने के लिए निम्न बातों का रखे ध्यान:**

1. फोन पर पहचान वाले या अनजान व्यक्ति के द्वारा भेजे गये पैसे भेजने के मैसेज के बारे में पूरी जांच पड़ताल करें।
2. अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें।
3. किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नम्बर, कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नम्बर को किसी के साथ शेयर न करें।
4. किसी अपरिचित नंबर से आए किसी भी मैसेज, व्हाट्सएप मैसेज, लिंक या फोटो पर क्लिक न करें।

## सोलर पेनल व्यापारी से 25 लाख 63 हजार रुपये की ठगी, दो पर केस

**सोनीपत:** बैटरी की डिलरशिप देने के नाम पर एक व्यापारी से 25 लाख 63 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। व्यापारी ने मामले की शिकायत डीसीपी को मामले की शिकायत दी। शिकायत पर अब सोनीपत सिटी थाना में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। एमएस कुमार इंटरप्राइजेज, अशोक विहार, सोनीपत के मालिक गौतम कुमार ने बताया कि उनका इन्वर्टर, बैटरी व सोलर पेनल का काम है। विपिन कुमार, जो ओलिवर पावर साल्यूशन, हांसी में इन्वर्टर बैटरी का काम करता है।

# नवनीत और निशा पौधागिरी अवॉर्ड-2025 से सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत ( कमाल हुसैन )
**देशबंधु** गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब के एम.ए द्वितीय वर्ष इतिहास के छात्र नवनीत और बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा निशा गुप्ता को आरम्भ फाउंडेशन पानीपत द्वारा पौधागिरी अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ सुभाष चन्द्र जागलान ने कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में नवनीत और निशा को पौधागिरी अवॉर्ड-2025 मिलना महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। दोनों डॉ जागलान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को यह अवॉर्ड इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के कुशल नेतृत्व के कारण सम्भव हुआ है। इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार सैकड़ो विद्यार्थियों को पर्यावरण के सच्चे प्रहरी बना रहे है जो तारीफ के काबिल है।आरम्भ फाउंडेशन के अध्यक्ष मेहुल जैन ने कहा कि पानीपत ही नहीं पूरा हरियाणा देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब के पर्यावरण संरक्षण के निस्वार्थ कार्यो को देख रहा है इसी कड़ी में इको क्लब के दो विद्यार्थियों नवनीत और निशा गुप्ता का चुनाव ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के सुझाव पर किया गया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने नवनीत और निशा गुप्ता को बधाई देते हुए आरम्भ फाउंडेशन के आभार व्यक्त किया।इस दौरान डॉ दलजीत सिंह, डॉ पूजा, डॉ सीमा, डॉ तकदीर सिंह, डॉ ज्योति, अमित सिंघला, रविन्द्र, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

**सम्मान**

- **पर्यावरण के क्षेत्र में नवनीत और निशा को पौधागिरी अवॉर्ड-2025 मिलना महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है**

# स्वदेशी सुरक्षा के विचार को जन-जन तक पहुंचाए

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** स्वदेशी जागरण मंच, जिला कुरुक्षेत्र की ओर से "स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान" विषय पर धार्मिक सामाजिक व व्यापारिक संगठनों की एक जिला बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में मुख्य मार्गदर्शक माननीय सतीश जी अखिल भारतीय सहसंगठक स्वदेशी जागरण मंच व विशिष्ट अतिथि प्रो सोमनाथ सचदेवा कुलपति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र रहे। स्वदेशी जागरण मंच, कुरुक्षेत्र के जिला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ.अजय जांगड़ा ने



मनचासीन आदरणीय अतिथियों का परिचय करवाया। प्रान्त संयोजक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश जी ने बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक, धार्मिक, व्यापारिक व अन्य विविध संगठनों का परिचय और स्वागत किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर सोमनाथ देव जी ने स्वदेशी जीवन के पांच परिवर्तन से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित सभी संगठनों से आग्रह किया कि हम दैनिक जीवन में पांच साधारण बातों का ध्यान रख कर भी स्वदेशी की भावना अपने परिवार, समाज व युवाओं जागृत कर सकते हैं। यह जरूरी नहीं कि अपनी देशभक्ति दिखाने के लिए हमें सीमा पर दुश्मन से दो-दो हाथ करें और दुश्मन को हराए उन्होंने कहा कि हम देश के भीतर रहकर भी आर्थिक लड़ाई में अपने स्वदेशी भारत निर्मित सामन को खरीद कर भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर अपना देश प्रेम दर्शा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि दैनिक जीवन में सुबह उठकर सबसे पहले दांत साफ करने, मुंह धोने व स्नान करने में हमें भारत निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। पहनने के कपड़े व खान पान में भी भारतीय कंपनियों को पहल देनी चाहिए।

# कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर आयोजित किया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल में शनिवार को स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 400 से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन की बूंदें पिलाई गई। स्वर्णप्राशन शिविर का उद्देश्य बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता,बुद्धि, स्मरण शक्ति एवं संपूर्ण विकास को बढ़ाना है। कौमारभृत्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर वैद्य सुधीर मलिक ने बच्चों के अभिभावकों को स्वर्णप्राशन के लाभों के बारे में जागरूक किया और बताया कि हर पुष्य नक्षत्र के दिन यह



संस्कार बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। स्वर्णप्राशन बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। स्मरण शक्ति व बुद्धि विकास में सहायता करता है। बार-बार बीमार पड़ने वाले बच्चों को स्वास्थ्य लाभ देता है।

**काफी लाभदायक स्वर्ण प्राशन:डॉ.शंभू**

कौमारभृत्य विभाग के चेयरमैन प्रो.वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने बताया कि स्वर्ण प्राशन के सेवन से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह से विकास होता है। इसके साथ ही बच्चों में रोग-प्रतिरोधक क्षमता यानी बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है, जिसकी वजह से बच्चों में रोग होने की संभावना कम होती है। प्रो.चौधरी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफ़ेसर डॉ.राजेंद्र चौधरी ने बताया कि कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में हर पुष्य नक्षत्र के दिन विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अस्पताल परिसर में कैंप लगाया जाता है।

# प्रदेश की अधिकतम सड़कें मौजूदा समय में गड्ढा मुक्त हुई: गंगवा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर), जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में 5 हजार किलोमीटर दूरी की सडकों को कारपेट करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा चुका है, दिसंबर तक इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही 5 हजार किलोमीटर दूसरी की सड़कों के गड्ढों को पीडब्ल्यूडी विभाग ने पैचवर्क करके ठीक किया है तथा 14 हजार 300 किलोमीटर दूरी ऐसा है जिसको ठेकेदार से उनको दिए गए ठेके के तहत ठीक करवाने की समय सीमा बची है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अधिकतम सड़कें मौजूदा समय में



गड्ढा मुक्त हो चुकी हैं, जो बची हैं उन्हें भी जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। यदि कहीं पर कोई अधिकारी सरकार के आदेशों की अनुपालना करता है और अपने काम में कोताही अपनाता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा शनिवार को प्रजापति-कुम्हार धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने समाज के लोगों की जनसभा को संबोधित करके 13 जुलाई को भिवानी में मनाई जाएगी वाली गुरु दक्ष प्रजापति जयंती का न्यौता दिया। सभा के प्रधान पवन कानूनगो ने पुष्प गुच्छ के साथ मंत्री रणबीर गंगवा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार महापुरुषों की जयंती को सरकारी कार्यक्रम के रूप में मना रही है। इससे महापुरुषों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाता है। जिससे हर समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को भिवानी के समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पहले की सरकारों ने कभी जरूरतमंद, पिछड़ा वर्ग के लोगों की कोई सुध नहीं ली।

बैकलॉग की सभी विभागों में खाली पद पड़े रहते थे, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद बैकलॉग की सभी भर्तियों को पूरा किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने भर्तियों की दिशा और दशा को भी बदला है। अब भर्तियों में युवाओं को किसी भी नेता के पीछे खर्ची लेकर पर्ची लेने के लिए नहीं भटकना पड़ रहा है।

**दावा**

- **यदि अधिकारी आदेशों की अनुपालना करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी**

# हरविंद्र कल्याण ने करीब 3.77 करोड़ की 7 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

कार्यक्रम

**गांव भरतपुर, सदरपुर, मुंडी-गढ़ी और गढ़ी खजूर में आयोजित कार्यक्रमों में की शिरकत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को घरौंडा हलके में तीन करोड़ 76 लाख 45 हजार रुपये की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे खुलकर अपनी समस्याओं व मांगों को रखें, हर वाजिब कार्य को पूरा कराया जाएगा। हलके में तरक्की की मजबूत नींव रखी जा चुकी है। लंबित कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इसे दो साल के अंदर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

हरविन्द्र कल्याण ने गांव भरतपुर में पीडब्ल्यूडी सडक से श्मशान घाट तक के रास्ते का शिलान्यास किया। पंचायती राज विभाग द्वारा बनवाए जाने वाले 1278 मीटर लंबे इस रास्ते पर 57 लाख 25 हजार रुपए की लागत आएगी। पेवर ब्लॉक से बनाए जाने वाले इस रास्ते का निर्माण कार्य चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सदरपुर गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का भी शिलान्यास किया। इसका निर्माण जिला परिषद की ओर से कराया जाएगा। इस पर 67 लाख 26 हजार रुपये की लागत आएगी।

**27 लाख रुपये में बनी सडक का किया उद्घाटन**

विधानसभा अध्यक्ष ने मुंडी गढ़ी.गढ़ी खजूर सडक से गांव बस्सी तक मंडी बोर्ड द्वारा बनवाई गई 220 मीटर लंबी संपर्क सडक का उद्घाटन किया। इस पर 27 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसके बाद गांव गढ़ी खजूर में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 14 कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन पर 1 करोड़ 92 लाख 39 हजार रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य 18 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने इसी गांव में पंचायती राज विभाग की ओर से एसएचजी के लिए बनवाये गए हॉल और महिला चौपाल में बनाए गए कमरे का भी उद्घाटन किया। इन पर क्रमशः आठ व नौ लाख रुपये खर्च हुए हैं। 15 लाख 55 हजार रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी रोड से डेरा बामनी तक बनी फिरनी ड्रेन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

**हलके में तेजी से हो रहे विकास कार्य**

सदरपुर गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यहां उप स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की पुरानी मांग थी जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि यमुना बैल्ट में चौपाल, स्कूल, गली, खेत के रास्ते, सामुदायिक केंद्र आदि के काफी विकास कार्य हुए हैं, अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अधूरे कामों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। बाढ़ से बचाव के लिए यमुना के तटबंधों को मजबूत किया जा रहा है। पंचायत ने गांव में स्कूल के लिए दो एकड़ जमीन दी है। पंचायत से कहा है कि कुछ और जमीन उपलब्ध कराई जाए ताकि भविष्य में स्कूल भवन व खेल सुविधाओं के विस्तार में कोई दिक्कत न आए।

**बेटियों को किया प्रेरित**

स्पीकर ने गांव की बेटियों को कड़े परिश्रम और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित होकर वे अफसर बनें और गांव व राष्ट्र का नाम रोशन करें। पढ़ाई के लिए संसाधनों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# नूंह में सरकार तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए पैसे दिए और धरातल पर विकास शून्य

आरोप

**जिले के सबसे बड़े गांव सिंगार में तालाब के नाम 37 लाख के गबन का आरोप**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में सरकार तालाबों के सौंदर्यकरण के लिए पैसे देती है और धरातल पर विकास शून्य दिखाई देता है । ऐसा ही एक मामला नूंह जिले के सबसे बड़े गांव सिंगार से सामने आया है, जिसमें टाली वाले तालाब पर सरकार के पैसों का दुरुपयोग व उस पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है । सरकार ने तालाब के सौंदर्यकरण के लिए पैंतीस लाख रुपए दिए, खर्च को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं । शिकायतकर्ता आरिफ व असगरी ने मुख्यमंत्री, उपायुक्त एवं उपमंडल अधिकारी को लिखित रूप से शिकायत दी है कि बीते करीब डेढ़ वर्ष पहले टाली वाले तालाब के सौंदर्यकरण के लिए करीब पैंतीस लाख रुपए की राशि सरकार द्वारा दी गई । जिससे की गंदी जोहड़ को साफ सुथरी किया जाए ताकि दैनिक उपयोग में उसके पानी का इस्तेमाल किया जा सके । परंतु उसमें पैसे लगाने की बात तो दूर बल्कि उसका पैसा निकालकर वहां पर अवैध कब्जा करवा दिया । जिससे वहां जाने का ना तो रास्ता है और जो उसमें नालियां जाकर मिलती थी, उन्हें पूर्ण रूप से बंद करा दिया गया। जोहड़ में अवैध खनन कर वहां की मिट्टी को ठेकेदार द्वारा महंगे दामों पर अवैध रूप से बेचा गया । जिसके चलते वहां के हालात बद से बदतर हो गए है। उन्होंने कहा कि जिस फर्म को इसका ठेका दिया गया, उसने कोई कार्य नहीं किया और सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया है। जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है । मुख्यमंत्री एवं उपायुक्त महोदय से गुहार लगाते हुए शिकायतकताओं ने कहा है कि इस मामले की उच्च स्तर की जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही इस कार्य को पुन कराया जाए और जिन लोगों ने वहां अवैध कब्जा किया हुआ है, उसे हटाया जाए । वहीं इस मामले को लेकर गांव के सरपंच ने कहा कि इस मामले को लेकर पंचायत गंभीर है और जल्द से जल्द गांव वालों की मांग पर तालाब की साफ सफाई कराई जाएगी और अवैध कब्जा को हटवाया जाएगा ।

# मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हो रहे समान रूप से विकास कार्यः राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने आज असंध से खिजराबाद तक जाने वाली सडक के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए विधायक योगेन्द्र राणा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सडक असंध विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देगी और क्षेत्रवासियों के आवागमन को और अधिक सुगम बनाएगी। विधायक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी के कुशल नेतृत्व में सभी विकास कार्य तीव्र गति से पूर्ण हो रहे हैं और विकास कार्य के लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। आज सीएम सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का विकास हो रहा है और सडक से लेकर गांव तक आज हरियाणा संवर रहा है, बदल रहा है ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि असंध विधानसभा क्षेत्र में लोगों को बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सिवरेज व्यवस्था तथा पार्को के सौन्दर्यकरण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। केंद्र व राज्य सरकार क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा वचनबद्ध है और इसी उद्देश्य से बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जो हमेशा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक मेहनती व कर्मठ नेता है। उन्होंने सिद्ध भी कर दिया कि किसी एक जाति, बिरादरी के दम पर राजनीति नहीं चल सकती। सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की जरूरत है। यह मुख्यमंत्री कर रहे हैं। सरकार समान रूप से विकास कार्य करा रही है।

# ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में घोघड़ीपुर फाटक के पास शनिवार दोपहर को एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ने दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। घटना को देख मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस भेज दिया। घटना शनिवार दोपहर की बताई की है।

प्रत्यक्षदर्शी अश्विनी ने बताया कि कुरुक्षेत्र से दिल्ली की ओर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन जैसे ही घोघड़ीपुर फाटक के पास पहुंची, तभी एक बुजुर्ग अचानक रेलवे ट्रैक पर जाकर लेट गया। ट्रेन कुछ ही सेकंड में उसके ऊपर से गुजर गई, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

# हरियाणा में १४३०० किलोमीटर सड़कों के गड्ढे किए दुरुस्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, (धर्मबीर)-** आगामी १३ जुलाई को भिवानी में होने वाले दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का का न्योता देने के लिए हरियाणा कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा यमुनानगर पहुंचे। यमुनानगर में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग १४३०० किलोमीटर सडकों पर जो गड्ढे थे उन्हें सम्बन्धित एंजैसी द्वारा दुरूस्त करने का काम किया गया है। इसके साथ-साथ लगभग ५००० किलोमीटर जो सडकें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी उन्हें भी शैडयूल बनाकर ठीक करने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मानसून के सीजन को ध्यान में रखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सीवरेज व्यवस्था को और बेहतर करने तथा लोक निर्माण विभाग को सडकों के साथ-साथ जो नाले हैं उन्हें ठीक करने बारे निर्देश दिए गए हैं ताकि बरसाती सीजन में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए। महाग्राम योजना के तहत १० हजार आबादी से अधिक गांव में सीवरेज व्यवस्था देने का काम किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राइवेट स्कूल संघ हांसी ने विधायक विनोद की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हांसी (दिनकर गावड़ी) :** प्राईवेट स्कूल संघ हांसी ने हरियाणा के शिक्षा मन्त्री के चण्डीगढ़ आवास पर हांसी विधायक विनोद भयाना की अध्यक्षता में एक मांग पत्र दिया। संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ढण्ढेरी ने प्रैस को जारी ब्यान में बताया कि संघ ने हांसी के विधायक विनोद भ्याणा के समक्ष प्रदेश भर के स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को रखा। जिस पर विधायक हांसी ने संज्ञान लेते हुए शिक्षा मन्त्री महिपाल ढांडा हरियाणा से वातार्लाप किया और संघ ने अपना एक मांग पत्र तैयार किया। जिसमें बताया गया कि प्रदेश के सैकड़ो विद्यालयों का पोर्टल बन्द था। प्राईवेट स्कूल संघ हांसी के आह्वान पर मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकुला द्वारा पोर्टल को खोल दिया गया।रविन्द्र अत्री ने बताया कि प्रदेश भर के विद्यालय एस.एल.सी. तो जारी कर सकते है लेकिन वो पोर्टल पर नए विद्यार्थियों का दाखिला नही कर सकते और सत्र 2025-26 के तीन महीने पूर्ण होने को है। दूसरी मांग में कहा कि एक बार सभी पोर्टलों को खोला जाये ताकि छोटी - छोटी टैक्नीकल त्रुटियां जो रह गई है। उनको प्रदेश के सभी विद्यालय दूर कर सके और विद्यालयों में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे सभी विद्यार्थीगण अपनी शिक्षा को निरन्तर जारी रख सके। उप-प्रधान दिनेश कौशिक ने बताया कि सरकार द्वारा आर.टी.ई. का बजट जारी किया गया था।लेकिन काफी विद्यालयों की राशि अन्य ब्लाक में चली गई। उनको दोबारा से जारी किया जाए। मांगों को सुनने के बाद शिक्षा मन्त्री हरियाणा ने कहा कि सभी पोर्टलों को खुलवाने का सुझाव अच्छा है और वो शिक्षा विभाग को निर्देश जारी करेंगे कि सभी पोर्टलों को जल्द से जल्द खोला जाए और जो विद्यालय सरकार की विभिन्न योजनाओं को विद्यालय में लागू कर रहे है।उनके पोर्टलों को भी पूर्ण रूप से खुलवाया जाएगा।

### क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने सेबी के पास यूडीआरएचपी-I दाखिल किया

**नोएडा।** क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (कंपनी), जो एक भारतीय एजुकेशन फाइनेंस कंपनी है और भारत तथा विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भारतीय छात्रों को शिक्षा ऋण प्रदान करने पर केंद्रित है, ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना यूडीआरएचपी-कदाखिल किया है। कंपनी प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से रु 5,000 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कुल निर्गम में रु 3,000 करोड़ के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और रु 2,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री (ऑफर फॉर सेल) शामिल होगी। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य रु10 है। ऑफर फॉर सेल के तहत रु 2,000 करोड़ तक के शेयरों की बिक्री की जाएगी, जिसमें से रु 950 करोड़ के शेयर प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक कोपवूर्न बी.वी. (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा और रु 1,050 करोड़ के शेयर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (अन्य विक्रय शेयरधारक) द्वारा बेचे जाएंगे। 2006 में स्थापित क्रेडिला भारत की अग्रणी एजुकेशन फाइनेंस कंपनियों में से एक है, जैसा कि उद्योग रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है। कंपनी फ्रेश इश्यू से आने वाले पैसे का उपयोग अपने पूंजी आधार को सुदृढ़ करने और भविष्य में व्यापार व परिसंपत्तियों के विस्तार के लिए पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के मकसद से करेगी।

# नग्न अवस्था में नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के जानी गांव के पास शनिवार को पश्चिमी यमुना नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का नग्न अवस्था में शव मिलने से हडकंप मच गया। शव काफी दिनों पुराना लग रहा था और बुरी तरह से गल चुका था, जिससे उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। राहगीरों ने जब नहर में शव को देखा तो तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने जुंडला चौकी की टीम को मौके पर बुलाया और गोताखोरों की मदद ली गई।

गोताखोर कर्ण और नीरज ने बताया कि शव पानी के जाल में बुरी तरह फंसा हुआ था, जिसके कारण बाहर निकालने में काफी दिक्कत आई। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद रस्सों की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। शव नग्न अवस्था में था और शरीर काफी गल चुका था। जुंडला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि शव करीब 40 से 45 वर्ष के व्यक्ति का लग रहा है। हालत देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह शव करीब 10 दिन पुराना है। अभी तक शव पर किसी प्रकार की चोट या कोई ऐसा निशान नहीं मिला है। शव को फिलहाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के मोर्चरी हाउस में रखवाया गया है।पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान के लिए जिले के सभी थानों में फोटो भेजी जाएगी और अखबारों में भी इस्तिहार दिया जाएगा, ताकि कोई परिजन सामने आ सके। यदि 72 घंटे में पहचान नहीं होती तो शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।

फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि व्यक्ति की मौत हादसे में हुई है या किसी ने हत्या कर शव को नहर में फेंका है।

# पानी निकासी का विवाद सुलझा, दो पक्षों के लोग थे आमने-सामने

हस्तक्षेप

**सडक के नीचे पाइप दबाने को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से सहमति नहीं बन पा रही थी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के इंद्री उपमंडल के गांव खेड़ा में बनाई जा रही रही खेड़ा-जैनपुर सडक पर पानी निकासी को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार शनिवार को प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद सुलझ गया। सडक के नीचे पाइप दबाने को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से सहमति नहीं बन पा रही थी, जिससे बरसात का पानी एक ओर जमा हो रहा था और किसानों की फसलें खराब हो रही थीं। अब प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी और दोनों पक्षों की आपसी सहमति के बाद तीन स्थानों पर पाइप दबाए गए। चूंकि मामला विवादित था, इसलिए प्रशासन ने मौके पर अहतियात के तौर पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की थी। अधिकारियों की निगरानी में निर्माण कार्य शुरू किया गया और तीनों स्थानों पर पाइप को दबाया गया। इस दौरान कोई अनहोनी न हो, इसके लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नायब तहसीलदार जसबीर सिंह को नियुक्त किया गया था। दरअसल इस नई बन रही सडक के एक ओर खेत ऊंचे हैं, जिस कारण बरसात का पानी सडक पार नहीं कर पा रहा था और एक तरफ जमा हो रहा था। पानी की निकासी न होने के कारण कई किसानों की फसलें खराब हो गईं। इसी समस्या को लेकर खेड़ा के किसानों ने प्रशासन से बार-बार गुहार लगाई थी। हालांकि सडक के दूसरी ओर के किसान पाइप दबाने को लेकर लगातार आनाकानी कर रहे थे।

खेड़ा के किसान धर्म सिंह ने बताया कि प्रशासन मार्च में ही पाइप लेकर आ गया था, ताकि उन्हें सडक के नीचे दबाया जा सके और पानी की निकासी हो सके, लेकिन दूसरे पक्ष की असहमति के चलते महीनों तक पाइप वैसे ही पड़े रहे। अब बरसात हुई और पानी खेतों में भर गया, जिससे फसलें भी खराब हुईं। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष जताया और कहा कि अब राहत मिलेगी।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट जसबीर सिंह ने जानकारी दी कि यह सडक हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के अंतर्गत आती है। सडक पर निकासी पाइप डालने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद था, लेकिन आज दोनों ने आपसी सहमति दिखाई और प्रशासन की मौजूदगी में पाइप डाले गए। उन्होंने कहा कि अब किसी तरह का कोई विवाद शेष नहीं है।

वहीं विभागीय एसडीओ विजय वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पाइप दबाने को लेकर मतभेद था, जिससे बारिश का पानी एक ओर जमा हो रहा था। किसानों की समस्या गंभीर हो गई थी, लेकिन शनिवार को प्रशासन की पहल और बातचीत के जरिए मामला सुलझा लिया गया। अब निकासी की व्यवस्था हो गई है और दोनों पक्ष संतुष्ट हैं।

# कैथल रोड पर पनप रही दो अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिला नगर योजनाकार ने बताया कि कैथल रोड पर पनप रही दो अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से एक अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 3.5 एकड़ में कैथल रोड पर गन्दा नाला के पास स्थित है, जिसमें सभी तीन डीपीसी, एक डीलर कार्यालय, चारदीवारी, सीवर नेटवर्क एवं कच्ची सडक के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार से दूसरी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग छह एकड़ में कैथल रोड पर पेट्रोल पम्प के पीछे स्थित है, जिसमें तीन डीपीसी, छह चारदीवारी एवं पक्की-कच्ची सडकों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान जिला नगर योजनाकार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही। जिला नगर योजनकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण न करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी। दोषियों के विरुद्ध मामले दर्ज करवाए जाएंगे।

# नहर किनारे मिले शव की हुई शिनाख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के इंद्री क्षेत्र में पश्चिमी यमुना नहर के किनारे संदिग्ध हालात में मिले अज्ञात शव की पहचान कुरुक्षेत्र के मोहन नगर निवासी 37 वर्षीय हरदीप के रूप में हुई है। मृतक 25 जून को घर से निकला था और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शव के पास से कोल्ड ड्रिंक की बोतल और गिलास बरामद हुए थे। मृतक के सिर, बाजू और पैरों पर खून के निशान मिले थे। हाथ पर हरदीप नाम गुदा होने के अलावा कोई पहचान पत्र नहीं मिला था, जिस कारण शव को मोर्चरी हाउस में रखा गया था।

पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई है। शव पर मिले चोट के निशानों और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा शव की पहचान किए जाने के बाद पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।मृतक के परिजन नरेंद्र ने बताया कि हरदीप 25 जून की दोपहर को घर से निकला था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा, जिससे परिवार वालों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने हरदीप के मोबाइल नंबर पर कॉल किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। रिश्तेदारों और दोस्तों से भी पूछताछ की, पर कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद 26 जून को परिवार ने पुलिस को शिकायत दी, जिस पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी।

पुलिस ने जब शव की पहचान के प्रयास किए तो हरदीप के लापता होने की रिपोर्ट से उसका मिलान हुआ।

# बालटाल में लगने वाले भंडारे की सामग्री लेकर जत्था हुआ रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** बाबा बर्फानी सेवा मण्डल कैथल की करनाल शाखा के सेवादार बाबा अमरनाथ के बालटाल (श्रीनगर) 3 जुलाई की यात्रा में आए भक्तों की सेवा के लिए आज अमरनाथ के लिए प्रस्थान किया। करनाल शाखा के प्रधान नीरज गुप्ता (करनाल टैंट वाले) ने बताया कि 20 जून को भण्डारे का पहला जत्था शैड आदि लगाने के लिए जा चुका है। उन्होंने करनाल की जनता का शुक्रिया अदा किया और कहा कि करनाल की जनता राजा कर्ण की तरह दानवीर है। उन्होंने अमरनाथ भण्डारे के लिए खुले मन से दान किया है।

उन्होंने शाखा के सभी सदस्यों और करनाल की जनता का धन्यवाद किया और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि करनाल की जनता व अपने भक्तों पर अपनी दया दृष्टि बनाए रखें। इस अवसर पर बाबा बफार्नी सेवा मण्डल के सचिव अनिल कुमार शर्मा, अरुण शर्मा, अश्विनी शर्मा, जसबीर जांगड़ा, अतुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता उपप्रधान, राजेन्द्र, रमेश बंसल, जोगिन्द्र गुप्ता, अनिल शर्मा सचिव, अशोक ठाकुर व विनोद कुमार जैन उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## सृजन से लोकमंगल

**अस्तित्व** की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनन्द की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुन्दर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए। आनन्द हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनन्द है। यह आनन्द स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोक आनन्द व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातन्त्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातन्त्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता है। इस स्वतन्त्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनन्द का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केन्द्र है। शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परम्परा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे घर का भेदी ही कहा। लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को स्वान्तः सुखाय बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अन्तर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिन्तन में स्व अन्तस का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा सुरसरि सम सबका हित होई से ध्येयबद्ध है। सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरन्तन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था।

# संविधान में समाजवाद-धर्मनिरपेक्षता की इंट्री

संजय सक्सेना

> “ यह अनुपस्थिति न तो किसी कमी को दशार्ती थी, न ही किसी विचारधारा की अनदेखी को। यह उस समय की परिस्थितियों का परिणाम था, जब संविधान को एक व्यापक और लचीला दस्तावेज बनाने की जरूरत थी।
>
> 1966 में, जब इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनीं, देश एक नाजुक दौर से गुजर रहा था। आजादी के बाद के दशकों में भारत ने आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना किया। गरीबी, असमानता और सामाजिक भेदभाव जैसे मुद्दे देश के सामने थे। इंदिरा ने इन समस्याओं को देखा और महसूस किया कि भारत को एक ऐसी दिशा की जरूरत है, जो न केवल आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करे, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता को भी बढ़ावा दे। इसके साथ ही, भारत की बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की आवश्यकता थी ”

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों पर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस ने आरएसएस पर निशाना क्या साधा, भारतीय राजनीति में भूचाल ही आ गया। कांग्रेस ने तुरंत आरोप लगा दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बीजेपी की सोच ही संविधान विरोधी है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ये बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की वो साजिश है, जो आरएसएस-बीजेपी हमेशा से रचती आई है। इससे पहले दत्तात्रेय होसबोले ने एक कार्यक्रम में कहा था कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया गया था और इन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए। होसबाले के इस बयान के बाद इंडी गठबंधन के धड़े और बीजेपी आमने-सामने आ गई है। कांग्रेस तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इस बदलाव का बचाव करने के लिए इंदिरा की जगह बाबा साहब के पीछे छिपकर भाजपा और संघ नेताओं के खिलाफ हमलावर है, वहीं बीजेपी इसे कांग्रेस की सांप्रदायिक सोच बताकर उस पर हमलावर है। गौरतलब हो, भारत का संविधान, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, एक जीवंत और गतिशील दस्तावेज है। यह न केवल देश के शासन की नींव है, बल्कि समय के साथ समाज की बदलती जरूरतों को भी दशार्ता है। संविधान में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्दों का समावेश एक ऐसी राजनीतिक घटना है, जो कथित तौर पर भारतीय लोकतंत्र की प्रगतिशीलता और दूरदर्शिता को रेखांकित करती है। इस हकीकत से इंकार नहीं किया जा सकता है कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की इंट्री न तो महात्मा गांधी, न ही बाबा साहब अंबेडकर की देन है, बल्कि इसकी बुनियाद भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री, इंदिरा गांधी थी। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद होने के बाद 26 जनवरी 1950 में जब संविधान लागू हुआ, तो यह भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करने वाला दस्तावेज था। डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने इसे एक



ऐसा ढांचा दिया, जो समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित था। महात्मा गांधी के विचारों ने भी संविधान की भावना को प्रभावित किया, खासकर सामाजिक न्याय और अहिंसा के क्षेत्र में। हालांकि, प्रारंभिक संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द स्पष्ट रूप से शामिल नहीं थे। यह अनुपस्थिति न तो किसी कमी को दशार्ती थी, न ही किसी विचारधारा की अनदेखी को। यह उस समय की परिस्थितियों का परिणाम था, जब संविधान को एक व्यापक और लचीला दस्तावेज बनाने की जरूरत थी। 1966 में, जब इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनीं, देश एक नाजुक दौर से गुजर रहा था। आजादी के बाद के दशकों में भारत ने आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना किया। गरीबी, असमानता और सामाजिक भेदभाव जैसे मुद्दे देश के सामने थे। इंदिरा ने इन समस्याओं को देखा और महसूस किया कि भारत को एक ऐसी दिशा की जरूरत है, जो न केवल आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करे, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता को भी बढ़ावा दे। इसके साथ ही, भारत की बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की आवश्यकता थी, ताकि सभी धर्मों और समुदायों के बीच सामंजस्य बना रहे। इंदिरा गांधी का नेतृत्व साहस और दूरदर्शिता से भरा था। उन्होंने गरीबी हटाओ जैसे नारे दिए, जो समाजवादी विचारधारा का प्रतीक बन गए। उनका मानना था कि भारत का विकास तभी संभव है, जब समाज के सबसे कमजोर वर्ग को मुख्यधारा में लाया जाए। लेकिन यह केवल नारों तक सीमित नहीं था। इंदिरा ने इसे संवैधानिक स्तर पर स्थापित करने का निर्णय लिया। 1976 में, इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत के संविधान में 42वां संशोधन पारित हुआ। यह संशोधन भारतीय संविधान के इतिहास में सबसे व्यापक और महत्वपूर्ण संशोधनों में से एक था। इस संशोधन के माध्यम से संविधान की प्रस्तावना में दो महत्वपूर्ण शब्द जोड़े गए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष। इसके साथ ही, भारत को अब संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में परिभाषित किया। समाजवादी शब्द का समावेश इंदिरा गांधी के उस दृष्टिकोण को दशार्ता था, जिसमें आर्थिक और सामाजिक समानता सर्वोपरि थी। यह समाजवाद मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से अलग था। यह भारतीय संदर्भ में समाजवाद था, जो लोकतंत्र के साथ सामंजस्य बिठाता था। इसका उद्देश्य था कि संसाधनों का वितरण इस तरह हो कि समाज का हर वर्ग, विशेष रूप से गरीब और वंचित, इसका लाभ उठा सके। इंदिरा के नेतृत्व में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, जमींदारी उन्मूलन और ग्रामीण विकास योजनाएं इस समाजवादी दृष्टिकोण का हिस्सा थीं। संविधान में इस शब्द को जोड़कर उन्होंने इसे एक स्थायी और संवैधानिक आधार दिया। विरोध की जड़ें कई स्तरों पर हैं। कुछ लोग मानते हैं कि बाबा साहब ने संविधान बनाते समय समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को स्पष्ट रूप से प्रस्तावना में शामिल नहीं किया, क्योंकि वे चाहते थे कि संविधान तटस्थ रहे। उनके लिए संविधान सामाजिक और आर्थिक बदलाव का उपकरण था, न कि किसी विचारधारा का प्रचारक। आलोचकों का कहना है कि इंदिरा गांधी ने इन शब्दों को जोड़कर अपनी सरकार की समाजवादी नीतियों को संवैधानिक समर्थन देने की कोशिश की, जो आपातकाल जैसे अलोकतांत्रिक कदमों के साथ विरोधाभासी थी। धर्मनिरपेक्षता को लेकर भी सवाल उठे। भारत में धर्मनिरपेक्षता का मतलब सर्वधर्म समभाव रहा है, लेकिन कुछ लोग इसे पश्चिमी सेक्युलरिज्म से जोड़कर देखते हैं, जो धर्म को सार्वजनिक जीवन से अलग करता है। हिंदू राष्ट्रवादी समूहों का मानना है कि यह शब्द बहुसंख्यक हिंदू संस्कृति को कमजोर करता है। दूसरी ओर, अल्पसंख्यक समुदाय इसे अपनी सुरक्षा का आधार मानते हैं। इस तरह, धर्मनिरपेक्षता एक ध्रुवीकृत मुद्दा बन गया। समाजवाद पर भी बहस जारी है। कुछ लोग इसे आर्थिक सुधारों के खिलाफ मानते हैं, जो 1991 में शुरू हुए। वे कहते हैं कि समाजवाद का शब्द अब प्रासंगिक नहीं, क्योंकि भारत ने बाजार अर्थव्यवस्था को अपनाया है। दूसरी ओर, समाजवादी विचारकों का कहना है कि यह शब्द संविधान को सामाजिक न्याय का दिशा-निर्देश देता है। आज, जब लोग इन शब्दों का विरोध करते हैं, तो वे इंदिरा गांधी की मंशा पर सवाल उठाते हैं। क्या यह वास्तव में देशहित में था या सत्ता को मजबूत करने की रणनीति? बाबा साहब का संविधान समावेशी था, लेकिन क्या इन शब्दों ने उसकी मूल भावना को बदला? यह बहस भारत के भविष्य को भी प्रभावित करती है, क्योंकि यह तय करती है कि हमारा संविधान किस विचारधारा को अपनाएगा। धर्मनिरपेक्षता एकता का आधार धर्मनिरपेक्ष शब्द का समावेश भारत की बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का एक प्रयास था। भारत में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है कि राज्य किसी भी धर्म को विशेष दर्जा नहीं देता और सभी धर्मों के प्रति समान व्यवहार करता है। यह शब्द संविधान में जोड़कर इंदिरा ने यह सुनिश्चित किया कि भारत की एकता और अखंडता को कोई धार्मिक या सांप्रदायिक शक्ति कमजोर न कर सके। यह विशेष रूप से उस समय महत्वपूर्ण था, जब

# कविता

## कोई कविता नहीं लिखता

सड़क के लिए?  
सड़क बेचारी  
कभी सुनसान, कभी  
बियाबान  
कभी पथरीले, कभी  
कटीले,  
भीड़ के हादसे को  
सहते,  
मशीनी हाथियों का  
सैलाब  
दर्द सहती, गुमसुम  
चलती जाती है,  
दर्द की अभिव्यक्ति  
किससे कहें, किसकी  
सुने,  
नियति उसकी दर्द  
झेलना ही है,  
किसी को उसके दर्द से  
क्या दर्द,  
हां कभी कोई  
लहूलुहान,  
वक्त का मारा,  
हादसों का शिकार  
लग कर गले,  
बहा जाता है रक्त  
और दर्द के दो आंसू  
एक अपने लिए और  
एक शायद उसी की  
तरह  
जीती और दर्द भोगती  
सड़क के लिए,  
वह घायल पथिक  
जानता है  
इसका अपना कोई सगा  
नहीं,  
इसे चलते जाना है  
सिर्फ चलते जाना है,  
सड़क की कोई आत्मा,  
दिल या दोस्त नहीं,  
कोई नहीं कहता कोई  
शब्द  
और नहीं करता सार्थक  
संवाद  
बेचारी सड़क के लिए,  
गोष्ठी नहीं होती है,  
कोई नहीं  
लिखता कविता  
सड़क के लिए?

संजीव

## कविकुल में अब फक्कड़ नहीं बचा

**एक** दिन के अन्तर से क्रमशः तीन कवियों पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे जी,सुरेश फक्कड़ जी,जमुना प्रसाद पाण्डे अबोध जी के परलोकगमन का मतलब साहित्य के तीन सितारों का डूबना है। जिनकी उपस्थिति मात्र से अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के मंचों पर कई रसों की आभा विभामय हो जाती थी। सात्विकी आचरण स्वतः प्रतिभाषित हो जाते थे। जिन्होंने अपनी लेखनी और वाचिक कविताई से समाज को संस्कार दिए, जो कभी हमारे बीच बैठकर अपने आचरणों से हमें भी बहुत कुछ सिखा जाते थे, ऐसे तीनों कवि देवताओं की संगत करने के लिए हमें छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। तीनों विभूषित विभूतियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस लेख में कविवर सुरेश फक्कड़ जी के बारे में कुछ बताना चाहता हूँ। बैसवाड़े की धरती ने लगभग सभी क्षेत्रों में एक से बढ़कर एक विभूतियाँ दीं हैं। जिनकी खनक और गमक समूचे भारत को ही नहीं अपितु दुनिया को प्रभावित करती रही है। इन्हीं में एक विभूति का नाम है सुरेश सिंह फक्कड़, कवि सम्मेलनों के मंच पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति की छाप लम्बे समय तक अनुभूत की जाती रहेगी।

**अपनी कविताओं के माध्यम से**

उन्नाव जनपद के नाम को दूर-दूर तक प्रकाशित करने वाले वीर रस के इस अनूठे कवि ने ग्राम विकास अधिकारी के रूप में फिर एडीओ के रूप में बीघापुर ब्लॉक में अपनी श्लाघनीय सेवाएँ जिस समर्पण भाव से दीं वह भाव नई पौध को प्रेरित करता रहेगा।कभी किसी जरूरतमन्द के कार्य को उन्होंने टाला नहीं। इस कवि का असमय चले जाना साहित्य जगत को दुःखी कर गया। वे पिछले कई दिन से कानपुर के एक निजी अस्पताल में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे, उनके जाने से काव्य जगत को जो साहित्यिक क्षति हुई, उसे लम्बे समय तक भरा नहीं जा सकेगा। युग का एक ऐसा कवि जिसने कविता पढ़ने के लिए मान देय की कभी माग नहीं की। जो मिल गया उसमें सन्तोष कर लिया। इतना ही नहीं कवि सम्मेलन से मिलने वाले लिफाफे को कभी खोल कर नहीं देखा। देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के प्रति उनकी समर्पित श्रद्धा अवर्णनीय है।

कई प्रेरक आदर्शों को उन्होंने अपने आचरण में उतारा था। कोलकाता के हमारे मित्र विश्वजीत शर्मा ने कवि सम्मेलन का आयोजन किया तो दूसरे दिन कोलकाता में ही आयोजित दूसरे कवि सम्मेलनों में हिस्सा न लेते हुए वे खुदीराम बोस की प्रतिमा पर किराए पर कार लेकर अकेले पुष्प अर्पित करने चले गए। खुदीराम बोस की समाधि मुजफ्फरपुर (बिहार) में है?। यह स्थान कोलकाता से लगभग 680 किमी दूर है।, उनका स्मारक मुजफ्फरपुर जेल के पास, बूढ़ी गंडक नदी के तट पर स्थित है। 11 अगस्त,1908 को खुदीराम बोस को मुजफ्फरपुर जेल में फाँसी दी गई थी। उनकी चिता का स्थल चन्दवारा में सोडा गोदाम चौक के पास गण्डक नदी के तट पर बनाया गया था। मुजफ्फरपुर जेल का नाम बदलकर खुदीराम बोस मेमोरियल सेंट्रल जेल कर दिया गया है।

# विचार

## जहां गणना है, वहीं निर्णय है; जहां निर्णय है, वहीं विकास है

**आंकड़े** केवल संख्याएं नहीं, वे समाज का जीवंत चेहरा हैं–हर अंक में छिपी है एक कहानी, हर गणना में बसता है सत्य, और हर तथ्य में बसता है भविष्य का सपना। 29 जून को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक प्रेरक आह्वान है–वह आह्वान जो तथ्यों की ताकत से भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। यह दिन भारत के महान सांख्यिकीविद् प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की दूरदर्शिता को सलाम करता है, जिन्होंने सांख्यिकी को केवल गणित का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया। 2025 की थीम, "निर्णय लेने के लिए आंकड़ों का उपयोग", हमें याद दिलाती है कि सही आंकड़े सही निर्णयों का प्राण हैं। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम अंधेरे अनुमानों को त्यागें और तथ्यों की रोशनी में एक सशक्त, समृद्ध भारत का निर्माण करें। सांख्यिकी वह जादुई चश्मा है, जो समाज की जटिलताओं को सरल बनाता है और सत्य को उजागर करता है। भारत जैसे विविधता से भरे देश में, जहां हर क्षेत्र, हर समुदाय और हर व्यक्ति की अपनी कहानी और चुनौतियां हैं, सांख्यिकी वह दिशासूचक यंत्र है, जो नीति निमार्ताओं को सही रास्ता दिखाता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएसओ) के 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण भारत में प्रति व्यक्ति मासिक खर्च 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये था। ये आंकड़े न केवल आर्थिक असमानता को दशार्ते हैं, बल्कि नीतियों को समावेशी और प्रभावी बनाने में भी मदद करते हैं। 2025 की थीम "निर्णय लेने के लिए आंकड़ों का उपयोग" इस बात पर बल देती है कि सटीक डेटा के बिना न तो "मेक इन इंडिया" जैसी महत्वाकांक्षी पहल सफल हो सकती हैं और न ही "आयुष्मान भारत" जैसी योजनाएं लाखों लोगों तक पहुंच सकती हैं। सांख्यिकी वह आधार है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण और शासन जैसे हर क्षेत्र में तथ्य-आधारित निर्णयों को संभव बनाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का उद्देश्य केवल विशेषज्ञों या शोधकताओं तक सीमित नहीं है। यह दिन हर नागरिक, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को सांख्यिकी की ताकत से जोड़ने का अवसर है। 2025 की थीम हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि आंकड़े न केवल बड़े नीतिगत निर्णयों के लिए, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन में भी महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी के दौरान सांख्यिकीय मॉडलिंग ने टीकाकरण रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने 2021-22 में 2 बिलियन से अधिक वैक्सीन खुराकें वितरित कीं, जो सटीक डेटा और विश्लेषण के बिना असंभव था। इसी तरह, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्र सांख्यिकी की नींव पर खड़े हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 2024 में वैश्विक डेटा उत्पादन 147 जेटाबाइट्स तक पहुंच गया, और यह आंकड़ा 2025 में और बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन इस विशाल डेटा का उपयोग तभी संभव है, जब हमारे पास सांख्यिकीय साक्षरता और कुशल जनशक्ति हो। प्रो. महालनोबिस की दूरदर्शिता ने भारत में सांख्यिकी को एक नया आयाम दिया। उनकी स्थापित भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) आज भी वैश्विक स्तर पर शोध और विश्लेषण का एक प्रमुख केंद्र है। उनके द्वारा शुरू किया गया राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने का मजबूत आधार प्रदान करता है। उनकी "महालनोबिस दूरी" (महालनोबिस डिस्टन्स) आज भी डेटा साइंस और मशीन लर्निंग में व्यापक रूप से उपयोग होती है, जो उनकी सोच की प्रासंगिकता को दशार्ता है। महालनोबिस का मानना था कि सांख्यिकी केवल संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि समाज को समझने और उसका कल्याण करने का दृष्टिकोण है। उनकी यह सोच आज के डिजिटल युग में और भी प्रासंगिक हो गई है, जहां बिग डेटा और डेटा एनालिटिक्स सांख्यिकी की नींव पर फल-फूल रहे हैं। भारतीय डेटा साइंस बाजार 2025 तक 16 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, और यह सांख्यिकी की शक्ति का ही प्रमाण है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## बा तथा आंतरिक सुरक्षा के खतरे

भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रपतियों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक संवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग 2 हजार लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। दूसरी तरफ भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित

## एक्सिओम-4 और भारत की वैश्विक पहचान

**प्रियंका सौरभ**

41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जब भारत का कोई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ, तो यह महज एक मिशन नहीं था, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक कूटनीति और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा का पुनर्जन्म था।एक्सिओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में सिर्फ एक सहभागी नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से भारत ने एक साथ कई स्तरों पर उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। सबसे पहले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बात करें तो भारत ने इस मिशन के तहत सात प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग अंतरिक्ष में भेजे। ये सभी प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर आधारित थे और इनका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना था। मेथी और मूंग जैसे बीजों पर किया गया अध्ययन भारतीय कृषि तकनीकों की विशिष्टता को अंतरिक्ष तक ले गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि भारत की पारंपरिक खेती भी वैज्ञानिक शोध के लिए प्रासंगिक और आधुनिक है।

इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मजीवों, माइक्रोएल्गी और मांसपेशियों के पुनरुत्पादन पर आधारित प्रयोगों ने दीर्घकालिक अंतरिक्ष यात्रा में जीवन समर्थन प्रणालियों के विकास में भारत की उपयोगिता को सिद्ध किया। इससे स्पष्ट है कि भारत केवल अंतरिक्ष में मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि उसमें नवाचार और अनुसंधान के स्तर पर योगदान देने आया है। शुभांशु शुक्ल का स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन यान को सफलतापूर्वक डॉक करना और अंतरिक्ष में आपातकालीन स्थितियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना, आने वाले गगनयान मिशन के लिए अमूल्य अनुभव है। यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एक मजबूत बुनियाद का कार्य करेगा। एक्सिओम-4 ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ानों में भी प्रवेश कर चुका है। एक्सिओम-4 स्पेस और भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के बीच हुआ समझौता दर्शाता है।

## न्यूज फ्लैश

### नशा तस्कर गिरफ्तार, नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1440 नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल और 5400 नशीली एल्प्राजोलम गोलियां बरामद की गई। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना घरौंडा में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

यह कार्रवाई सब इंस्पेक्टर हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में की गई। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर घरौंडा के एरिया में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पानीपत के समालखा के रहने वाले सतीश कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस को शक है कि आरोपी किसी बड़े नशा तस्करी नेटवर्क का हिस्सा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और अन्य साथियों की तलाश भी जारी है। पुलिस ने साफ किया है कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी संभव है।

### यूके वीजा के नाम पर 7.72 लाख की ठगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला में खुद को पार्षद का भाई और महिला पुलिस कर्मियों का पति व बेटा बताकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को कृषि विभाग का कर्मचारी बताते हुए एक काउंसलर से यूके टूरिस्ट वीजा लगवाने के बहाने पहले 7.72 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करनाल के सेक्टर-32 निवासी गगन ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह पेशे से काउंसलर और पीटी सेंटर संचालक हैं। बीते मार्च माह में मोहित नामक व्यक्ति उनके पास यूके टूरिस्ट वीजा की जानकारी लेने पहुंचा। पहले उसने कुछ जरूरी दस्तावेज नहीं होने के कारण वीजा लगवाने की बात टाल दी।

कुछ दिन बाद वह फिर गगन के घर आया और कहा कि अब उसके पास सभी दस्तावेज हैं। उसने यह भी बताया कि वह हरियाणा सरकार के कृषि विभाग में नौकरी करता है, राष्ट्रीय स्तर का एथलीट है, उसकी मां सिविल लाइन थाना में हेड कॉन्स्टेबल है, भाई पार्षद है और पत्नी हरियाणा पुलिस में सब-इंस्पेक्टर है।

पीड़ित ने बताया कि मोहित ने कहा कि बैंक स्टेटमेंट में 23 लाख रुपए दिखाने होंगे, ताकि वीजा लगने के चांस ज्यादा हों। उसने वादा किया कि वह यह पैसा सिर्फ दो-तीन दिन रखेगा और तुरंत लौटा देगा। इस भरोसे पर गगन शर्मा ने बीती 3 अप्रैल को 23 लाख रुपए अपने यूनियन बैंक अकाउंट से मोहित के एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए।

मोहित ने कुछ दिन बाद 13 लाख और फिर 2.28 लाख रुपए वापस कर दिए, लेकिन 7.72 लाख रुपए गबन कर लिए। 8 अप्रैल को मोहित ने गगन से कहा कि उसकी पत्नी के भाई ने विदेश से 7.72 लाख रुपए भेजे हैं, लेकिन उसे 12 हजार रुपए फॉरेन एक्सचेंज फीस के रूप में बैंक में जमा करने होंगे। उसने यह रकम भी गगन से फोन पे के जरिए मंगवा ली, लेकिन न तो पैसे मिले और न ही वह बाद में कॉल उठाने लगा।

### ओवर स्पीड रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** शहर के पुराने बस अड्डे के पास तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन से अमृतधारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया और वहां से आज देहरादून रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। गंगोह थाना क्षेत्र के लखनौती गांव निवासी 42 वर्षीय राशिद ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह पशुओं का व्यापारी है। वह अपने भतीजे समीर के साथ करनाल में पशु देखने आया था। दोनों अलग-अलग बाइक पर सवार थे। जब वे एनडीआरआई से पुराने बस अड्डा करनाल की ओर पहुंचे तो समीर आगे और राशिद पीछे चल रहा था।जैसे ही वे करनाल बस अड्डा के पास पहुंचे, सामने से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने तेज रफ्तार में समीर की बाइक को टक्कर मार दी। समीर सडक पर गिर पड़ा और उसके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। राशिद ने बताया कि उसने राहगीरों की मदद से समीर को किसी तरह प्राइवेट वाहन में डालकर अमृतधारा अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक समीर की हालत गंभीर है और उसे होश नहीं आया है। वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। राशिद ने पुलिस को अपने बयान दर्ज करवाए है। एसआइ गुलविन्द्र सिंह ने बताया कि डॉक्टरों ने घायल युवक को अनफिट बताया। मौके पर राशिद के बयान दर्ज किए गए। राशिद ने बताया कि वह बस ड्राइवर को सामने आने पर पहचान सकता है। पुलिस ने उसके बयान के आधार पर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# निगमायुक्त ने कर्ण कैनाल नाला व ड्रेन नंबर 1 का निरीक्षण कर देखी साफ-सफाई

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मानसून के दौरान जल भराव न हो, इसके लिए नगर निगम गम्भीर है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों को साथ लेकर कर्ण कैनाल नाला तथा ड्रेन नम्बर 1 का निरीक्षण कर किए जा रहे सफाई कार्यों को देखा। इस दौरान कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी, सलाहकार महीपाल सिंह, सहायक अभियंता मदन मोहन गर्ग तथा सम्बंधित अभियंता मौजूद रहे।

दौरे में सर्वप्रथम निगमायुक्त ने एन.एन.-44 से शुरू होकर आर्वधन नहर को जाने वाली ड्रेन नम्बर 1 का निरीक्षण किया। उन्होंने एन.एच.-44 से सेक्टर 4-5 व हैरीटेज लॉन पुलिया पर जाकर ड्रेन की साफ-सफाई चेक की और अपनी



संतुष्टिद्द जाहिर की। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि 15 जून से पहले-पहले ड्रेन की मुकम्मल सफाई करवाना सुनिश्चित की जाए। बता दें कि सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेन नम्बर 1 की लाईनिंग कर ड्रेन की दोनो साईडों को पक्का किया जा रहा है। निगमायुक्त ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि जितना कार्य होता जाए, मिटद्दटी को साथ-साथ उठवाते रहें।

कर्ण कैनाल नाला की सफाई पूरी- उन्होंने कर्ण कैनाल नाला के तीनो फेज पर जाकर नाला की सफाई देखी। बता दें कि नाला की सफाई मुकम्मल हो चुकी है, जिसे निगमायुक्त ने चेक किया। इसे लेकर उन्होंने मेला राम स्कूल से अस्थाई सब्जी मंडी पुलिया तक फेज 1, सब्जी मंडी से पुराना मेरठ रोड पुलिया तक फेज-2 तथा मेरठ रोड पुलिया से एन.एच.-44 तक फेज 3, का निरीक्षण कर सफाई देखी। उन्होंने कहा कि ड्रेन की नियमित तौर पर सफाई करवाते रहे, ताकि मानसून के दौरान वर्षा जल की निकासी पर्याप्त मात्रा में बनी रहे। मेला राम स्कूल से पहले वाले हिस्से की सफाई हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा करवाई जा रही है।

उन्होंने निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि बड़े नालों, रेन वाटर हार्वेस्टर तथा तालाबों का सफाई कार्य भी 15 जून से पहले करवा लिया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में जितनी भी जल भराव की संभावित जगह हैं, ऐसी सभी जगहों पर मानसून आने से पहले अपने इंतजाम पूरे कर लें, ताकि वहां पर पानी निकासी करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि सभी डिस्पोजल पम्प स्थलों की भी सफाई करवाई जाए।

## चोरी करने वाले तीन आरोपी काबू



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के बुटाना थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 17.5 तोले चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी गुरुवार देर शाम को हुई। थाना बुटाना पुलिस टीम ने सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार के नेतृत्व में गांव समानाबाहु से तीनों आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान भजन लाल पुत्र कृष्ण लाल, गौरव पुत्र जोगाराम और विनोद पुत्र रोशन लाल, तीनों निवासी समानाबाहु, करनाल के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों आरोपियों ने 2 जून की शाम को अपने ही गांव में पड़ोसी के घर से चुपचाप चांदी के आभूषण चुरा लिए थे। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात कबूल कर ली है।

आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को शुक्रवार को माननीय कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गौशाला के पास से व्यक्ति का शव बरामद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में गोशाला के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की उम्र करीब 40 से 45 साल के बीच आंकी जा रही है और उसकी कलाई पर श्याम लाल लिखा मिला है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव की सूचना मिलने के बाद तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। 72 घंटे में मृतक की पहचान नहीं हुई तो अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा। घटना तरावड़ी नेशनल हाईवे की है।

# एसपी ने पर्यवेक्षण अधिकारियों थाना प्रभारियों की ली बैठक

**सिरसा.. रणबीर खटक).....**
पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने सीडीएलयू के टैगोर भवन में जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों थाना प्रभारियों व सभी जांच अधिकारी तथा अन्य पुलिसकर्मी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ई- साक्ष्य एप्प, ई-चालान तथा ई- सम्मनिंग व ई-डार पोर्टल जैसी आधुनिक तकनीक से अपने आप को पूरी तरह से परिचित रखें । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों तथा अन्य गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लांए व आमजन के सहयोग से अपराधियों पर पूर्ण रुप से अंकुल लगाएं ताकि समाज में



पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए । पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने बैठक में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि विभिन्न अपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए । उन्होंने कहा कि संपति विरुध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सूराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें ।पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने कहा कि विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि वे भविष्य में किसी अन्य अपराधिक वारदात को अंजाम न दे पाए । इस अवसर पर मौजूद थाना व चौकी प्रभारी तथा जांच अधिकारियों तथा अन्य पुलिस कर्मचारियों से कहा कि पीएम विंडो,सीएम विंडो,जन संवाद व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजें तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीडित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें ।

## प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लें आमजन: एडीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
अतिरिक्त उपायुक्त डाक्टर पंकज यादव ने बताया कि प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के विषय के बारे में बताया कि यह योजना देशवासियों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक नागरिक एचटीटीपीएस//टीएमएसयूआरवाई एजीएचएआरडॉट जीवोवीडॉटइन पोर्टल पर जाकर इस योजना संबंधित आवश्यक जानकारियां ले सकता है और एचटीटीपीएस//एमएनआरईडॉटजी वोवीडॉटइन पोर्टल पर जाकर इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने योजना के मुख्य बिंदुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से मुफ्त बिजली और आर्थिक बचत होगी। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त होगी, जिससे प्रति वर्ष लगभग 15,000-18,000 रुपये की बचत होगी।

# किसान की आमदनी दोगुनी करने पर भाजपा सरकार वचनबद्ध-सांसद धर्मवीर सिंह

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को पाली गांव में किसान महासभा का आयोजन किया गया। महासभा में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक कंवर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि किसान महासभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाना है और किस देश का किसान व युवा मजबूत होने पर ही वह देश




विकसित हो पाएगा। यह महासभा पूरे देश में 29 मई से 12 जून तक चलेगी। उन्होंने कहा कि किसान की आमदनी दोगुनी करना भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इस महासभा के माध्यम से किसान विभागों द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिससे किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि किसान ड्रिप सिंचाई प्रणाली का प्रयोग करे जिससे पानी का भी सही इस्तेमाल होता है और पैदावार भी अच्छी होती है। उन्होंने किसानों की समस्याएं भी सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। महासभा में कृषि विज्ञान केंद्र से आए अधिकारियों ने बताया कि किसानों को फसलों में नैनो यूरिया व डीएपी का प्रयोग सही मात्रा में करने की पूरी जानकारी दी। इसी प्रकार पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किसानों को भेड़, बकरी, भैंस व गाय पर दी जा रही सब्सिडी के बारे में विस्तृत में जानकारी दी। किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एनएफएसएम स्कीम, मेरा पानी मेरी विरासत आदि योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार यादव, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. अनिल जांगड़ा, कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. अजय कुमार, बीडीपीओ मनोज कुमार, बिजली वितरण निगम के एसडीओ सुनिल कुमार, पशु विज्ञान केंद्र से डॉ. योगेंद्र, सरपंच देशराज सहित विभिन्न गांवों से आए किसान व नागरिक मौजूद रहे।

# निर्जला एकादशी के दिन का विशेष महत्व: विधायक कंवर सिंह यादव

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।।** निर्जला महादेव मंदिर में बाबा भुच्चरनाथ महाराज के भंडारे एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष रूप से शामिल हैं-सुभाष चंद्र साकी, नोकिम फौजी, सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर, संतु सिंह शेखावत व शक्ति रहे। कार्यक्रम आयोजन महंत योगी आश्रम नाथ महाराज, सुखदेव नाथ व सज्जन नाथ ने बताया कि पांच जून के कार्यक्रम में आश्रम में मूर्ति व



कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दो की मूर्ति की स्थापना की गई। रात्रि को विशाल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा और राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन का विशेष महत्व होता है। इस दिन दान करना पुण्यदायक होता है और ऐसा करने पर अक्षय फल की प्राप्ति होती है इस मशीन पर कालू रेसलर, संतु शेखावत, डॉ. वेद, सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कमेटी चौक के दुकानदारों ने वितरित किया प्रसाद

**रादौर/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के पुराने कमेटी चौक के पास गंगा दशहरा व एकादशी के अवसर पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा श्रद्धालुओं और राहगीरों को हलवा-चना प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पत्रकार कुलदीप सैनी ने बताया कि कमेटी चौक के दुकानदार हर वर्ष धार्मिक और सामाजिक अवसरों पर इस प्रकार की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और दूसरों की सेवा करने की प्रेरणा भी देते हैं।

# रामबीर शर्मा को सम्मान में मिला रजत पदक

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत

आपके मेने अद्वितीय शहीद राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में सुरू की जोकी मां रक्त भारती के संस्थापक प्रेम गौतम द्वारा 15 जून 2022 को तिरंगा सम्मान संकल्प का नाम से रखा गया था। इस सेक्टर में शामिल सबसे अधिक 2001 खंडित राष्ट्रीय ध्वजों को सम्मान प्रतिमा वाले तिराँगा वीर व संस्था के उपाध्यक्ष रामबीर शर्मा को 14 मार्किट के प्रधान आरूढ़ वर्मा ने चाँदी का आबाद व तिरँगा गौरव प्रदान किया। ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि किसी तिरंगे वीर को इस प्रकार से किसी ने समनित किया हो और राष्ट्रीय ध्वज चिन्हांकन वाले एक



कार्यकर्ता का झुका हुआ स्केल हो। वरुण वर्मा ने कहा कि मैं बहुत बार रामबीर शर्मा को खंडित तिरंगे उद्घाटित करते हुए देखता हूं कि मैं इस समाजवादी से जुड़े लोगों से जुड़ना चाहता हूं, मुझे खुशी है कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति लोगों को इस मत के आधार पर जाना चाहिए। बता दें कि इस मस्जिद के तहत अब तक 9692 से ज्यादा 5 लिपस्टिक के तिरंगे विरो के खंडित ध्वजों को नगर निगम जमा कर चुका है। इसके लिए इस क्रेडिट का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में भी दर्ज करना होगा। रामबीर शर्मा ने कहा कि मुझे इस देश सेवा कार्य की प्रेरणा प्रेम गौतम से मिली है, 250 से अधिक तीरंगा वीर अन्यो की शरण में इस जिज्ञासा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही रामबीर शर्मा ने जनता से अपील की है कि जो भी राष्ट्रीय झंडा फटा, उसे पकड़ लिया जाए, तो शोभायमान सहित नगर निगम कार्यालय में जमा करवा दिया जाए। राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश का आन बान शान का प्रतीक है हमें शामिल नहीं होना चाहिए।

# 9 जून को करनाल में निकाला जाएगा रोष प्रदर्शन : रतनमान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान किसानों के जत्थे के साथ धरने के दूसरे दिन पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आंदोलित किसानों के बीच पहुंचकर हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेशाध्यक्ष मान ने किसानों के साथ विचार विर्मश करने के उपरांत आंदोलन की आगामी रणनीति का ऐलान करते हुए कहा कि आनेवाली 9 जून को किसान भाकियू के बैनर तले जिला सचिवालय पर रोष प्रदर्शन निकाला जाएगा और मुख्यमंत्री नायाब सिंह



सैनी से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरयीय जांच करवाएं जाने की मांग की जाएगी।

रतनमान ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहस कि एक दूसरे किसान की बबार्दी देखकर चुप मत रहों वरना इस तरह की बबार्दी सभी को बारी बारी से तहस नहस करने वाली है। इसलिए 9 जून के प्रदर्शन में सभी किसान मजदूर एकता के साथ शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद्व करो। उन्होंने कहा कि किसान अब चुप बैठने वाले नहीं है। जब तक उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा करने की कोशिशें बंद नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष और तेज होता जाएगा। भाकियू नेताओं व ग्रामीणों ने गोली मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाए जाने की मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि जनपद के गांव मुस्तफाबाद के रकबे में बीते दिन जिला प्रशासन द्वारा किसानों की काश्त भूमि पर रेत कारोबारी को जबरी कब्जा दिलवाए जाने के मामले में किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। आज धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता श्याम सिंह चौहान ढाकवाला गुजरानं ने की।

भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि 9 जून को किसान एकजट होकर जोरदार रोष प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को करनाल की पुरानी कचहरी के समीप किसान गांधी चौक पर एकत्रित होंगे।

वहां से भाकियू के बैनर तले जिला सचिवालय तक रोष मार्च निकाला जायेगा। प्रदर्शन करने के बाद उपायुक्त उत्तम सिंह को ज्ञापन सौंपा जाएगा और एसपी गंगाराम पुनिया से मुलाकात कर केस दर्ज करने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के चलते धरनास्थल पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गोली मारने की धमकी भी दी गई है। रतनमान ने मांग की कि प्रशासन धरना स्थल पर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाई जाए।

धरने को सम्बोधित करने वालों में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, प्रदेश संगठक सचिव श्याम सिंह मान, कोर कमेटी चेयरमैन यशपाल राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, और कार्यालय सचिव राजकुमार नौतना शामिल रहे।

# निर्जला एकादशी पर छछरौली क्षेत्र में लगाई जा रही है मीठे पानी की छबील

टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर (धर्मबीर)-**
निर्जला एकादशी के अवसर पर छछरोली क्षेत्र में जगह-जगह मीठे पानी की छाबील लगाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा गांव गांव में छबील के माध्यम से राहगीरों की रोक कर मीठे पानी से प्यास बुझाई गई।

पंडित जय भगवान शर्मा ने बताया ज्येठ माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी के रूप में मनाया जाता है इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इस दिन प्यासे को पानी पिलाना



सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है। छछरौली , शेरपुर मोड, हडोली, लेदी, चुहड़पुर कलां , अराईया वाला, हथनी कुंड आदि जगहो पर श्रद्धालुओं ने छाबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाया। कुलदीप वंशपाल, दक्षपाल, दिव्यांश, तनिष्पाल, प्रियांशु, नरसिंह आदि ने सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर बाद 3:00 बजे तक मीठा पानी पिलाकर श्रद्धालुओं की प्यास बुझाई।

## न्यूज फ्लैश

### बुबका में पंचायती टयूबवैलो से हजारों का सामान चोरी

**रादौर, (कुलदीप सैनी):** उपमंडल के गांव बुबका के पंचायती ट्यूबवैलों से चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर लिया। सरपंच प्रतिनिधि छोटेलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव की पंचायती भूमि पर टयूबवैल लगे हुए है। चोरों ने रात्रि के समय बापौली की साइड वाले ट्यूबवैलों से स्टार्टर, बिजली की तारे, ग्रिप व अन्य सामान चुरा लिया। जिससे पंचायत को हजारों रुपये का नुकसान पहुंचा है। उन्होंने चोरों की काफी छानबीन की लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया।

### भा.कि.यू. के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने विज का हालचाल जाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने मुलाकात की। किसान नेता चढूनी तथा उनके साथ आए अन्य किसान नेताओं ने विज से मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इस दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने उनके आवास पर पहुंचे गुरनाम सिंह चढूनी के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और विचार विमर्श किया। इस अवसर पर किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज के पांव में फ्रैक्चर की जानकारी ली और कामना की कि वह जल्द स्वस्थ होकर जनकल्याण कार्यों में पुनः लगे। चढूनी ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जनसेवा में निरंतर जुटे रहते हैं जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को निरंतर लाभ मिल भी रहा है और लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके द्वारा विभिन्न बेहतरीन कदम भी उठाए गए है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज जल्द ही स्वस्थ होंगे और उसी रफ्तार के साथ विभिन्न कल्याणकारी व विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाएंगे। किसान नेता का यह भी कहना था कि श्री विज के प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश विदेश में चाहने वालों की बहुत बड़ी संख्या है इसलिए उन सभी की दुआओं के बल पर दोबारा से उसी अंदाज में श्री विज कार्य करते हुए नजर आएंगे। इस अवसर पर उनके साथ अन्य किसान यूनियन नेता भी मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उतराखंड हाल में शकुरपुर दिल्ली निवासी जगदीश ने बताया कि उसका भाई उमेद सिंह (35) राई औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करता था। वह काम खत्म करने के बाद राई गांव स्थित कमरे पर आ गया। अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि मृतक के भाई जगदीश के बयान पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाई गई है।

# पारदर्शिता और व्यवस्था सरल की बदौलत आमजन में सन्तुष्टिभाव: डॉ अरविंद

## सिंचाई विश्राम गृह में कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश

**पारदर्शिता**

**मोदी-नायब सरकार की योजनाओं से धरातल पर आमजन को हो रहा लाभ: डॉ अरविंद शर्मा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/बलराम**

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा बीते 11 साल में पारदर्शिता और व्यवस्था को सरल बनाया गया है, इससे आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने कहा कि सैंकड़ों योजनाओं का घर बैठे लाभ उठाने की व्यवस्था की बदौलत आज आमजन में भाजपा सरकार के प्रति संतुष्टि का भाव है। शनिवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सिंचाई विश्राम गृह में नियमित साप्ताहिक दरबार लगाते हुए क्षेत्रवासियों से जनसंवाद किया। विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्र से आए सैंकड़ो लोगों से मुलाकात करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना व इसके उपरांत उनकी समस्याएं सुनी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब भी कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर सरकारी कार्यालय में जाए तो उसकी बात को प्राथमिकता से सुनते हुए उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए उनकी समस्या का मौके पर ही निपटान करेंगे तो उनकी परेशानियां दूर हो जाएंगी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बीते 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, वंचित व जरूरतमंद के उत्थान को लेकर प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इससे आमजन में भाजपा सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निरन्तर आमजन, किसान, युवा, महिला, गरीब कल्याण की दिशा में काम कर रही है।

सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता की बदौलत आज युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनमें प्रतियोगी भावना बढ़ी है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का भी लाभ उठाकर युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।



### युवाओं में जनसेवा की भावना से समाज को होगा लाभ: डॉ अरविंद शर्मा

**कैबिनेट** मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने खरखौदा विधायक पवन खरखौदा के साथ गांव पिनाना में घेवर मित्र मंडली के स्टाल का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने राकेश ठेकेदार, अमित ढीला की सराहना करते हुए कहा कि मित्र मंडली ने आसपास के इलाके में अपनी सेवा भावना के साथ जो काम किया है, वो आजकल के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा गौसेवा हमारे संस्कारों में है। इन युवाओं की टोली ने घेवर मंडली के माध्यम से विभिन्न गौशालाओं में मूलभूत सुविधाओं के लिए बड़ी राशि देने का काम किया है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी निरन्तर गौसेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहे हैं।

# एक जुलाई से चलेगा 'सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ' अभियान : जैन



**जागरूकता**

**वार्ड अनुसार सफाई अभियान के साथ साथ जागरूकता अभियान भी चलाये जायेंगे: नगर निगम मेयर राजीव जैन**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा हैं कि आगामी एक जुलाई से 31 जुलाई तक 'सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ' अभियान चलाया जाएगा, इसके लिए वार्ड अनुसार सफाई अभियान के साथ साथ जागरूकता अभियान भी चलाये जायेंगे। स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ सोनीपत अभियान के तहत छटे शनिवार को महाराणा प्रताप चौक से फाजिलपुर मोड़ एवं, गोहाना रोड बाईपास से जाहरी रोड पर फ्लाईओवर तथा गोहाना रोड पर चंद्र गार्डन तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने वाले सफाई कर्मी रानी और अशोक को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। सबसे पहले महाराणा प्रताप चौक पर स्थापित मूर्ति परिसर की सफाई की गई और सड़क के किनारों जमी घास, कूड़े वाली मिटटी के ढेर उठाये गए। रोड स्वीपिंग मशीन से डिवाइडर के किनारों पर पड़ी मिटटी साफ करवाई गई। मेयर ने दुकानदारों से भी सफाई रखने पर ध्यान देने की अपील की। राजीव जैन ने बताया कि बीमारी भगाओ अभियान के तहत हाथों को स्वच्छ रखने, घरों में गंदा पानी जमा ना होने देने, आस पड़ोस में सफाई, स्वच्छ शौचालय, मच्छर मार दवाई का छिड़काव, नालों की सफाई तथा सार्वजनिक स्थानों की सफाई का कार्य किया जायेगा।

# आदेश अस्पताल को अंग पुनः प्राप्ति की मिली मान्यता

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद : 28 जून (प्रदीप कुमार)**



**शाहबाद** मारकंडा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए आदेश मैडिकल कालेज एवं अस्पताल मोहड़ी को हरियाणा सरकार द्वारा अंग पुनः प्राप्ति हेतु अधिकृत अस्पताल घोषित किया गया है। यह जानकारी देते हुए आदेश के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गल ने कहा कि यह मान्यता मिलने के साथ ही आदेश अस्पताल राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सॉट्टो) तथा राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नॉट्टो) की सूची में शामिल हो गया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि इसे पीजीआई रोहतक के बाद हरियाणा का दूसरा ऐसा मैडिकल कॉलेज बन गया है जो अंग पुनःप्राप्ति में भागीदारी करेगा। इससे क्षेत्र में गंभीर रूप से बीमार रोगियों को जीवन रक्षक सहायता सुलभ हो सकेगी। आदेश के एम.डी. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि यह सिर्फ एक मान्यता नहीं, बल्कि एक बड़ा उत्तरदायित्व है। अब आदेश अस्पताल उन परिवारों के लिए आशा की किरण बनेगा जिन्हें प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। हम पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ इस सेवा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न सिर्फ आदेश अस्पताल को नई पहचान मिली है।

# 13 जुलाई को भिवानी में मनाई जाएगी दक्ष प्रजापति की जयंती: रणबीर गंगवा

**तैयारी पूरी**

**कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन एवं सडके) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि 13 जुलाई को अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तरीय तौर पर भिवानी में मनाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायकगण व अन्य गणमान्य लोग विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा शनिवार को लोक निर्माण विश्राम गृह अम्बाला छावनी में एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग हरपाल सिंह, अधीक्षक अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग अरविंद रोहिला व कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री को पुष्प गुच्छ व फूलमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व पिछड़ा वर्ग चेयरमैन सतबीर वर्मा उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विश्राम गृह में इससे पहले कार्यकताओं के साथ बैठक करते हुए जयंती का निमंत्रण देते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निंरतर संत व महापुरूषों को मान-सम्मान देने का काम कर रही है और यह जयंतियां सरकारी तौर पर राज्य स्तर पर मनाने का काम कर रही है। हाल ही में संत कबीरदास जयंती राज्य स्तर पर सिरसा में, महर्षि कश्यप जयंती इंद्री में, परशुराम जयंती रोहतक में, भगत धन्ना जयंती उचाना में तथा इसके साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि व संत रविदास जयंती मनाते हुए संतो व महापुरूषों को सम्मान देने का काम किया गया है। इसी कड़ी में 13 जुलाई को भिवानी में अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर मनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए खुशी की बात है कि महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर मनाई जा रही है और इस जयंती में हमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रजापति संगठन की ताकत भी दिखानी है और कार्यक्रम को भव्य

# आईएमटी खरखौदा के साथ लगते 70 से ज्यादा एकड़ जमीन पर चला बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल**



**खरखौदा** सोनीपत जिला के महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को अवैध कालोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इन्फोर्समेंट टीम ने गाँव प्रहलादपुर की राजस्व सम्पदा में नियंत्रित क्षेत्र खरखौदा में आईएमटी के साथ लगती हुई 60 एकड़ भूमि में निर्मित अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में फैले 1200 मीटर कच्चे रोड नेटवर्क को भी ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा गांव सोहटी की राजस्व संपदा में साढ़े 12 एकड़ क्षेत्र में फैली अवैध कालोनी में से 12 बिजली के खंभे और 120 रनिंग मीटर तारों को विद्युत विभाग की टीम की सहायता से हटवा दिया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन की मदद से की गई है। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण ने अवैध कालोनियों के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिसका उद्देश्य अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदने वालों को जागरूक करना है। प्राधिकरण का कहना है कि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है इसलिए आम जनता से अनुरोध है कि अवैध कॉलोनियों में भू-माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य है।

**तोड़फोड़**

**खरखौदा में आईएमटी के साथ लगती हुई 60 एकड़ भूमि में निर्मित अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की**

# फसल बचाने के लिए बरसाती पानी की निकासी के लिए दबवाए गए पाइप

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/ (मैनपाल कश्यप ):** गांव खेड़ा के किसानों को हर साल बरसात के मौसम में खेतों में पानी भरने से भारी नुकसान उठाना पड़ता था। बरसात के पानी की सही निकासी न होने के कारण फसलें सड़ जाती थीं और किसान आर्थिक संकट में आ जाते थे। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आया और शनिवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में गांव खेड़ा में पानी निकासी के लिए पाइप दबवाए गए। ग्रामीणों ने जताई राहत, पर जताई चिंता भी खेड़ा गांव के किसानों ने प्रशासन की इस कार्रवाई पर राहत जताई है। उनका कहना है कि लंबे समय बाद उनकी समस्या को गंभीरता से लिया गया है। हालांकि, कुछ किसानों ने यह भी कहा कि यह केवल अस्थायी समाधान है। भविष्य में भी ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थायी समाधान और नियमित निगरानी जरूरी है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट जसबीर सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी की। उन्होंने बताया कि यह कार्य एसडीएम इंद्री के निर्देशानुसार किया गया है।



## तेज रफ्तार वाहन ने युवक को चपेट में लिया

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। कुंडली थाने में तैनात व मामले में जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी कि गांव जाटी कलां मोड़ के सामने दिल्ली-पानीपत सड़क मार्ग पर युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# जेएमआईटी कॉलेज में 23वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** जेएमआईटी कॉलेज में 23वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. पवन कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने की, जबकि डॉ. रमेश कुमार, पं. ज्ञान प्रकाश, अनिल बुद्धिराजा, डॉ. विवेक शर्मा सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में बीटेक, बीबीए, बीसीए और एमबीए के लगभग 400 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीन छात्रों को स्वर्ण पदक और 21,000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों को पारंपरिक सोच से आगे बढ़ते हुए नवाचार और उद्यमिता को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने व्यापक शैक्षणिक, शोध और अंतरराष्ट्रीय अनुभव को साझा करते हुए कहा कि आज के दौर में ज्ञान, कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण के समन्वय से ही भविष्य के सक्षम नेता तैयार किए जा सकते हैं। प्रो. शर्मा ने तकनीकी बदलावों के बीच स्टार्टअप संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसी सरकारी पहलों की भूमिका को रेखांकित किया, जो एक मजबूत उद्यमिता आधारित पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में हो रहे परिवर्तनों की भी सराहना की।

**प्रेरित किया**

**केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. पवन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की**

# डीएवी पब्लिक स्कूल में विषयवार कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी में एक दिवसीय विषयवार कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति और सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत शिक्षकों की 24 घंटे की अनिवार्य इन-हाउस ट्रेनिंग के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएवी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी के सौजन्य से किया गया।



कार्यक्रम की बागडोर विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी और डीएवी अंबाला जोन के ए.आर.ओ. डॉ. विकास कोहली के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा के साथ संभाली गई। समन्वय का कार्य चरणजीत कौर , नीना सूरी, वनिता महाजन, भारती ने अत्यंत कुशलता से किया। कार्यक्रम में शिक्षकों को उनके संबंधित विषयों में प्रशिक्षित करने हेतु दक्ष और अनुभवी ट्रेनर्स ऑफ ट्रेनर्स को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने शिक्षकों को न केवल नवीनतम शैक्षणिक रणनीतियों से अवगत कराया, बल्कि उन्हें प्रभावशाली शिक्षण तकनीकों की गहराई से समझ भी दी।

गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, हिंदी, धर्मशिक्षा, संस्कारित शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, अर्थशास्त्र और वाणिज्य जैसे विषयों में हुए प्रशिक्षण सत्रों ने शिक्षकों के ज्ञान को निखारने के साथ-साथ उनमें नई ऊर्जा का संचार भी किया। शिक्षकों ने पूरे मनोयोग से इन सत्रों में भाग लिया और इसे अपने पेशेवर विकास के लिए एक अमूल्य अवसर बताया।

डॉ. राधा रमन सूरी ने अपने प्रेरणादायी शब्दों में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के संवाहक नहीं, बल्कि समाज के निमार्ता हैं। ऐसे कार्यक्रम उन्हें समय के साथ जुड़ने, नवाचार अपनाने और मूल्यों के साथ शिक्षा प्रदान करने की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने डीएवी सीओई और डीएवीसीएमसी का विशेष रूप से आभार प्रकट किया, जिन्होंने विद्यालय को इस अद्वितीय अवसर से जोड़कर शिक्षकों के विकास में एक नया अध्याय जोड़ा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद एवं सकारात्मक ऊर्जा के आदान-प्रदान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने इसे एक अत्यंत सफल, प्रभावशाली और स्मरणीय आयोजन के रूप में यादगार बना दिया।इस अवसर पर डी ए वी मेजर आर एन डी ए वी और डी ए वी नारायणगढ़ के प्रिंसिपल्स जय देव जी और आर पी राठी जी मौजूद थे

**नवाचार**

**यह कार्यक्रम शिक्षकों की 24 घंटे की अनिवार्य इन-हाउस ट्रेनिंग के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया**

# ग्लोब हेरिटेज स्कूल में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 28 जून (कुलदीप सैनी):** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने की। कार्यक्रम में 12 स्कूलों के 56 बाल वाटिका व गणित शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में टैगोर स्कूल सहनेवाल के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश अग्रवाल और सालिटीयर इंटरनेशनल स्कूल पंचकूला की प्रधानाचार्या ज्योति भगत ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। वक्ताओं ने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों व गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बदलते दौर में बच्चों को जीवन कौशल के साथ तैयार करना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में एच.आर मैनेजर अमित सिंघल ने सभी अतिथियों का आभार जताया और मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



# सांदल कलां गऊशाला में 17 लाख की लागत से बना शेड, विधायक कादियान ने किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

▶▶ कार्यक्रम की अध्यक्षता गऊशाला प्रधान सतपाल सिंह ने की। गऊशाला में शेड कंपनी ने दान किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने शनिवार को सांदल कलां गांव की श्री राधाकृष्ण गोपाल आदर्श गऊशाला में नवनिर्मित 2 शेड का उद्घाटन किया। इस शेड का निर्माण करीब 17 लाख रुपए की लागत से हुआ है। उन्होंने फीता काटकर शेड की शुरूआत की। इसके बाद गौ पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गऊशाला प्रधान सतपाल सिंह ने की। गऊशाला में शेड निर्माण एक कंपनी ने दान किया है। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का गऊशाला कमेटी और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कमेटी ने अपनी मांगें विधायक के सामने रखीं। विधायक ने उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। गऊशाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी हुआ। इसमें करीब 150 पौधे लगाए गए। शुरूआत विधायक कादियान ने खुद पौधा लगाकर की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे खुशहाल जीवन का आधार हैं। हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। विधायक ने कहा कि गर्मी में शेड बनने से गायों को राहत मिलेगी। सभी को गौ सेवा में भाग लेना चाहिए। गाय हमारी संस्कृति और धर्म का अहम हिस्सा है। इस मौके पर सुनील शर्मा, मनीष ट्री, मामन सिंह, सुनील सरपंच, पूर्व सरपंच राकेश, शिव कुमार, हेमचंद्र, अनिल ठेकेदार, कर्म सिंह, कंवर सिंह, बलबीर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राजपुर गांव में गंदे पानी की निकासी न होने से फिरनी बनी तालाब, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव राजपुर में भिगान गांव की तरफ से आने के बाद गांव में प्रवेश करने के लिए पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मुख्य सड़क पर जल भराव के कारण लोग परेशान है। ग्रामीणों ने गांव के गंदे पानी की निकासी के समाधान की एसडीएम से मांग की है। राहगीर सुरेश, सतबीर, विकास, महेन्द्र ने बताया कि गांव राजलू गढ़ी से वाया राजपुर होकर भिगान जी टी रोड पर जाते है तो गांव राजपुर में जलभराव के कारण आवागमन में बेहद परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि गांव के गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण नालियों का गंदा पानी पूरा फिरनी पर भरा हुआ है। जिससे निकलने में ऐसा लगता कि जैसे किसी तालाब के पानी से निकल रहे है। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्ति तो अपने वाहन को उसके अन्दर से निकालने में डरता है कि फिरनी भर भरे पानी में कही कोई गहरा गड्ढा न हो। उन्होंने बताया कि पानी निकासी न होने के कारण उसके पास की गलियों में भी पानी का जमाव है। इस बारे में जब ग्राम सचिव से सर्म्पक किया तो उन्होंने बताया कि उनके पास अभी गांव का जार्च मिला है। इस बारे में पूरी जानकारी नही है।



## न्यूज फ्लैश

### वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सतनाली-नावां रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। व्यक्ति को अस्पताल लाया गया, जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सतनाली पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पत्नी के बयान पर पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खेड़ी फिलहाल सतनाली निवासी पूजा ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि, उसका 42 वर्षीय पति नरेश हलवाई का काम करता था। शुक्रवार देर शाम वह सतनाली से बाइक पर अपने गांव खेड़ी गया था। वह अपने गांव खेड़ी से वापस सतनाली आ रहा था। सतनाली व नावां के बीच अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल सतनाली में लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। उसे वापस सतनाली अस्पताल में लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक लगभग 18 वर्ष की लड़की है। नरेश के शव का शनिवार नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में पोस्टमॉर्टम किया गया। परिजनों ने अज्ञात वाहन के ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### मांगेराम तिवाड़ी का बीमारी के चलते हुआ निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** प्रसिद्ध शिक्षाविद् 76 वर्षीय मास्टर मांगेराम तिवाड़ी का बीमारी के चलते अकस्मात निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार 27 जून शाम चार बजे मोड़ा आश्रम स्थित स्वर्गाश्रम में अंतिम विदाई दी गई। उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रदीप शर्मा ने अंतिम संस्कार की क्रिया को निभाया।



समाज में उनके व्यतित्व की झलक इसी बात से स्पष्ट होती है कि उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के सभी समाज के सैकड़ों गणमान्य जनों ने उपस्थित रह कर शिक्षाविद् मास्टर मांगेराम तिवाड़ी की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। वर्ष 1975 से नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था लालाराधा कृष्ण पाठशाला में शिक्षक के पद पर अपनी शिक्षा के प्रति समर्पण यात्रा को प्रारंभ किया और अंतिम क्षणों तक भी पाठशाला के केयर टेकर के रूप में जुड़े रहे। नगर के अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं में भी मास्टर मांगेराम तिवाड़ी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उनकी प्रत्येक व्यक्ति को देखकर अभिवादन व मुस्कुराने की कला लोगों के हृदय अमिट छाप छोड़ दी। वे अपने पीछे दो विवाहित पुत्र और पुत्री, पोते पोती, नाते नाती छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में उनके बड़े भाई सत्यनारायण तिवाड़ी, महावीर तिवाड़ी, पूर्णमल शर्मा, रविशंकर तिवाड़ी, श्रीकिशन तिवाड़ी, याहा हरियाणा के निदेशक अनिल कौशिक, बसंत सेठ, सतीश तिवाड़ी, राकेश तिवाड़ी, बालकिशन तिवाड़ी, सुभाष तिवाड़ी, राजेश तिवाड़ी, अनिल तिवाड़ी, सुरेंद्र बंटी, सुशील बिढाठ, एमएल शर्मा, प्रमोद तिवाड़ी, शुभम तिवाड़ी, भावेश, नीरज तिवाड़ी, सतपाल शर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे।

### बेबाक और बोल्ड-हंगामा ओटीटी ने अपनी नई क्राइम सीरीज बदमाश बेगम लॉन्च की

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रमुख डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शुमार हंगामा ओटीटी ने अपनी दिलचस्प ओरिजनल सीरीज बदमाश बेगम 26 जून 2025 को लॉन्च कर दी। इस सीरीज की कहानी ताकत, धोखे और खतरनाक महत्वाकांक्षा की दुनिया के सच को सामने लाती हैं। यह क्राइम सीरीज एक ऐसी औरत की कहानी है जिसने अपनी पैदाइश से अलग जाकर मुंबई के अंडरवर्ल्ड पर राज किया। इस सीरीज में दिव्या अग्रवाल, अंकित गेरा और अक्षय डोगरा जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। मुंबई के अपराध जगत की पृष्ठभूमि पर बुनी गई इस सीरीज बदमाश बेगम में उर्वशी राजे के रहस्यमयी और विरोधाभासी चरित्र को दर्शकों के सामने लाने की कोशिश की गई है। उनके साथ यह सवाल भी बरकरार है कि वह क्राइम की अंधेरी दुनिया में धकेल दी गई थी या फिर वे इस दुनिया के ऐशोआराम को देखते हुए इधर आई थी? क्या उन्होंने सोचे-समझे तरीके इस दुनिया में अपने लिए मुकाम हासिल किया, हर चुनौती को आगे बढ़ने के मौके में बदला? वह सिर्फ एक गैंगस्टर नहीं थीं, बल्कि उन्होंने एक साम्राज्ञी की तरह अपनी दुनिया पर राज किया और फिर उसके पीछे उसकी ऐसी कहानी रह गई जिससे लोग आतंकित भी होते रहे और उसे भूल नहीं पाए। इस सीरीज के लॉन्च के मौके पर हंगामा डिजिटल मीडिया के सीईओ सिद्धार्थ रॉय ने कहा, हम दर्शकों के लिए ऐसी कहानियां लाने की कोशिश करते हैं जो असल दुनिया से जुड़ी हों, हमारे आसपास की हों और आज भी जिनकी प्रासंगिकता हो। बदमाश बेगम ऐसी ही कहानी है जो 1980 के दशक में केंद्रित है।

# बरसात से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित करें निगम अधिकारी: मदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** शनिवार को विधायक निखिल मदान ने शहर की आधा दर्जन कालोनियों का दौरा किया और वहां पर सीवरेज ओवरफ्लो और पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं को सुना और मौके पर ही मौजूद निगम अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिशा निर्देश दिए।
विधायक निखिल मदान ने निगम अधिकारियों के साथ प्रगति नगर, भरतपुरी, विशाल नगर और सरदारों वाली गली में मौके पर पहुंच कर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का हाल देखा और समाधान करवाया।
विधायक निखिल मदान प्रगति नगर में पहुंचे जहां उन्होंने डेरी संचालक द्वारा सीवरेज लाइन में गोबर और अन्य गंदगी बहाने के कारण पैदा हुई सीवरेज ओवरफ्लो और दूषित जल भराव की समस्या का निरीक्षण किया।
विधायक निखिल मदान ने मौके पर ही मशीन बुलवाकर सीवर लाइन की सफाई करवाई तथा डेयरी संचालक को गोबर और किसी भी प्रकार की गंदगी सीवरेज लाइन में ना बहाने की सख्त हिदायत दी।
निखिल मदान ने कहा कि आज डेयरी संचालक का सीवरेज लाइन में गोबर बहाने के कारण चालान किया गया है। अगर आगे भी इसी तरह की गतिविधि डेयरी संचालक द्वारा की जाती है तो डेयरी को सील भी किया जाएगा।
इसके पश्चात विधायक निखिल मदान विशाल नगर गली नंबर 2 में पहुंचे जहां उन्होंने पेयजल आपूर्ति में सीवरेज का पानी आने की शिकायत का संज्ञान लिया और मौके पर ही निगम अधिकारियों को बुलाकर सीवरेज लाइन की सफाई करवाने का आदेश दिए। साथ ही निखिल मदान ने बताया कि विशाल नगर की सीवरेज लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसके कारण सीवरेज का पानी पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन में जा रहा है, इसको ठीक करने और नई लाइन बिछाने के आदेश उन्होंने निगम अधिकारियों को दिए हैं, जिस पर आगामी एक सप्ताह में कार्य को पूरा किया जाएगा। साथ ही पानी की वाल्व वाले स्थान को साफ किया जाएगा ताकि उसमें सीवरेज का पानी ना जाने पाए।



# ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया से जीटी रोड तक 55 करोड़ की लागत से बनेगा आरओबी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
पानीपत में ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने की दिशा मे सरकार के द्वारा एक और प्रयास किया जा रहा है, शनिवार को ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया से जीटी रोड तक बनने जा रहे आरओबी का वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के दूरगामी सोच का प्रमुख हिस्सा रहे इस आरओबी के निर्माण से शहर मे ट्रैफिक व्यवस्था में बेहद सुधार होगो आरओबी के निर्माण में लगभग 55 करोड़ की लागत आएगी एवं इसका निर्माण कार्य दो साल में पूर्ण होगा`
**यह होगा लाभः-**
जीटी रोड से ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया एवं असंध रोड से लगी हुई कॉलोनी वासियों को जीटी रोड पर आने में समय की बचत होगी साथ में दूरी भी कम होगी।
तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि आरओबी के निर्माण से जीटी रोड से ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया आने में 2 से 3 मिनट लगेंगे एवं शहर के मुख्य मार्गों एवं लाल बत्ती चौक पर ट्रैफिक जाम कम होगा।



# प्राचीन शनिदेव मंदिर के भव्य निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के बीचों-बीच स्थित मोहल्ला कानोडिया में स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर भव्य निर्माण कार्य शनिवार को शहरवासियों की उपस्थिति में शुभारंभ कर विधिवत भूमि पूजन के साथ शुरू किया गया। नरेश शास्त्री व केशव शास्त्री ने अपने सहयोगी सतीश गौड, नरोतम शर्मा के साथ मंत्रोच्चारण ओर धार्मिक विधियों के साथ हुए इस भूमि पूजन कार्यक्रम में निर्माण कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र बंटी अपनी पत्नी रीना गर्ग के साथ, मंगल सिंह यादव, बाबूलाल महंत सहपत्नी व अनिल सेठ सह पत्नी, घनश्याम जोशी सह पत्नी, सुनील यादव सह पत्नी, संजय गोयल पाली सह पत्नी, लाठ बाबा सह पत्नी, सतीश पाटोदिया सह पत्नी, रवि कबाड़ी सह पत्नी सहित कुल 11 जोड़े के साथ बैठकर पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या मे स्थानीय श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।
भूमि पूजन के समय भगवान शनिदेव के जयकारे लगते रहे। भूमि पूजन के उपरांत आए सभी श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने भरपूर सहयोग करते हुए आगे भी सभी तरह के सहयोग का आश्वासन मंदिर निर्माण कमेटी को दिया। प्राचीन शनिदेव मंदिर के पुजारी सुभाष चंद घोसी ने बताया की यह मंदिर 70-80 वर्षों से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ हैं।

# भिगान जी टी रोड से राजपुर गांव की जाने वाली सड़क टूटी, घटिया निर्माण सामग्री का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भिगान जी टी रोड से राजपुर गांव की तरफ आने वाली सड़क टूटने के कारण गड्ढे हो गए। सड़क टूटने के कारण बिखरी रोड़ी से दुपहिया वाहन चालक स्लिप होकर कई बार चोटिल हो चुके है। वाहन चालकों का आरोप कि इस तरफ सड़क एवं भवन निर्माण विभाग कोई ध्यान नही दे रहा है। जिससे वाहन चालकों में रोष है। वाहन चालक सुरेन्द्र, मीनू, नरेश, सुमित ने बताया कि सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही टूटनी शुरू हो गई थी। उस समय विभाग द्वारा जगह- जगह पैच लगवा दिए थे। उसके बाद दोबारा से सड़क टूटने लगी है। ग्रामीणों ने संबधित विभाग से गड्ढों को भरवाने की मांग की है।
निर्माण एंजेसी की जिम्मेदारी, करवाए जाएगे ठीक : एसडीओ
-सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि सड़क टूट गई है तो निर्माण के तीन साल तक निर्माण एजेंसी की ठीक करने की जिम्मेदारी है। सड़क को निर्माण एंजेसी को आदेश देकर शीघ्र ठीक करवाया जाएगा।



# सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वह मां के साथ खेत में जा रहा था। इस दौरान बच्चे को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बच्चे के पिता के बयान पर केस दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। बच्चे की मौत से परिवार में मातम पसरा है। गांव माजरा कलां निवासी कर्ण सिंह ने पुलिस में दिए बताया में बताया कि, शुक्रवार उसकी पत्नी व उसका 7 वर्षीय बेटा कार्तिक अपनी मां के साथ घर से खेत के लिए निकला था। जब वे गांव से बाहर सेहलंग-महेंद्रगढ रोड पर बिजली पावर हाउस के पास पहुंचे।

# भागदौड़ भरी ज़िंदगी में मानसिक तनाव के बहुत से कारक हैं: अहलावत

**कार्यशाला**

▶▶ क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत स्ट्रेस मैनेजमेंट पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा निर्धारित क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय स्ट्रेस मैनेजमेंट पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में मीनू अहलावत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत वाणी की देवी सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यशाला में मानसिक तनाव से मुक्ति के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। एक शिक्षक के तौर पर हम स्वस्थ मस्तिक एवं स्वस्थ शरीर से ही शिक्षण कार्य को प्रभावी बना सकते हैं। भागदौड़ भरी ज़िंदगी में मानसिक तनाव के बहुत से कारक हैं, लेकिन हमें इनके बीच खुश रहने के कारण ढूंढने होंगे, तभी हम अपने पेशे के साथ न्याय कर सकते हैं। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान विविध रोचक गतिविधियों के माध्यम से अपनी बात रखी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस.पी. सिंह,मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# 45 हजार का ईनामी बदमाश रवि उर्फ लांबा बरोणा मुठभेड़ के बाद काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत** पुलिस ने हत्या, हत्या का प्रयास, फिरौती व डकैती जैसी करीब एक दर्जन वारदातो में संलिप्त 45 हजार रुपए के ईनामी अति वाछिंत बदमाश को मुठभेड़ के बाद दबोचा, मुठभेड़ में घायल बदमाश को कराया हस्पताल मे दाखिल, एक अवैध हथियार व एक मोटरसाईकिल की बरामद। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह आईपीएस एडीजीपी के कुशल नेतृत्व मे जिले के एसएजी यूनिट सैक्टर 7 सोनीपत के इन्चार्ज निरिक्षक अजय कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ हत्या, हत्या का प्रयास, फिरौती व डकैती जैसी करीब एक दर्जन वारदातो में संलिप्त सोनीपत पुलिस द्वारा 20 हजार रुपए के ईनामी वाछिंत बदमाश व दिल्ली पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए के ईनामी को मुठभेड़ में दबोचा है। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था मे आरोपी को हस्पताल मे दाखिल कराया है। घायल ईनामी बदमाश रवि उर्फ लाम्बा गाँव बरोणा जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 27 से 28 जून की रात एसएजी यूनिट सैक्टर 7 सोनीपत के ईंचार्ज निरिक्षक अजय कुमार ने प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर अपनी पुलिस टीम के साथ अति वाछिंत बदमाश रवि उर्फ लाम्बा की तलाश हेतु खरखौदा बाईपास 334बी रोड गाँव बरोणा मोड़ फ्लाईओवर के साथ लगते सर्विस रोड़ पर नाकाबन्दी शुरू की गई।

# यमुनानगर में बदमाशी और आवारागर्दी नहीं की जाएगी बर्दाश्त:सुरेंद्र भौरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर 28 जून (धर्मबीर)-** पुलिस अधीक्षक ने जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मीटिंग का आयोजन किया गया।
एसपी यमुनानगर द्वारा बुलाई गई इस बैठक में यमुनानगर पुलिस के सभी थाना प्रभारी और आला अधिकारी मौजूद रहे।
बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यमुनानगर जिला उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश से सटा होने के कारण पुलिस की जिम्मेदारिया बढ़ गई है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी मेहनत-लगन से अपनी ड्यूटी निभाने के आदेश दिए। ताकि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।
पुलिस अधीक्षक ने बैठक में कहा कि जिला को अपराध मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एक टीम की तरह काम करना है। जिला में सीलिंग प्लान के तहत स्थाई नाके लगाए गए हैं। जैसे ही सीलिंग प्लान के आदेश होते हैं यह अधिकारी कर्मचारी अपने नाके पर तैनात होकर जांच शुरू कर दे। प्लान का फायदा यह है कि यदि वारदात हो जाए तो आरोपी पकड़ में आ जाता है। इसके अलावा अपराध रोकने में भी सक्षम है। वहीं पुलिस की उपस्थिति से आम आदमी के मन में पुलिस व कानून के प्रति विश्वास बढ़ता है। कहीं ना कहीं सड़क पर होने वाला अपराध भी रुकता है।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कपड़े से चेहरा ढककर स्कूटर/मोटरसाइकिल चलाने वालों, बुलेट का तक,बिना नंबर प्लेट या ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म वाहन चलाने की स्पेशल चेकिंग की जाएगी और यातायात के नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यमुनानगर पुलिस का अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला की अंतर राज्य सीमा पर की गई सख्त नाकाबंदी की गई है। यमुनानगर पुलिस द्वारा जिला भर में विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत जिले से बाहर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों, विशेकर उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश की सीमाओं, तथा अन्य जिलों की ओर जाने वाले रास्तों पर सघन नाकाबंदी (चेकिंग अभियान) की जा रही है। इस दौरान पुलिस द्वारा जिले की सीमाओं पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। नाकाबंदी के तहत पुलिस टीमों ने वाहन चालकों की पहचान, दस्तावेजों की जांच, तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान अपराधियों की आवाजाही पर रोक, अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों की तस्करी, और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाया गया है।



# बाल भवन स्कूल में शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में जीडी गोयनका स्कूल की उप प्राचार्या निधि जैन ने अपने 22 वर्षों के सीबीएसई अनुभव के साथ शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने निधि जैन को एक पौधा व उपहार भेंट किया। उन्होंने निधि जैन द्वारा अपना अनुभव और ज्ञान सांझा करने पर आभार भी जताया।

# बुराड़ी का बस स्टैंड, पड़ा है जर्जर हालत में, यात्री हो रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: देश की राजधानी** दिल्ली का हिस्सा होते हुए भी दिल्ली के ऐतिहासिक बुराड़ी विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जहां एक ओर राजधानी के कई इलाके दिनोदिन विकास की ऊंचाइयों को छू रहे हैं, वहीं यह बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के कादीपुर वार्ड स्थित इब्राहिम पुर विकास की दृष्टि से आज भी काफी पिछड़ा है। इब्राहिम पुर चौक पर सालों पहले दिल्ली परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड बनाया गया था, जो कि सालों से जर्जर हालत में पड़ा हुआ है, जिसकी सुध आज तक न तो क्षेत्रीय विधायक ने ली और न ही दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग द्वारा रख-रखाव के लिए कोई कदम उठाया गया, जिसके चलते सालों से यात्रियों को सड़क किनारे धूप व बरसात में खड़ा रहकर घंटोभर इंतजार करना पड़ रहा है।



**कई सालों से खस्ताहाल में पड़ा है बस स्टैंड:** इब्राहिम पुर का यह बस स्टैंड काफी सालों पहले बनाया गया था, जो कि खस्ता हाल में सालों से पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों से जब इसके बारे में पूछा गया तो सभी ने अलग-अलग बताया, किसी ने दस साल पूर्व बना है यह बताया, तो किसी से तीस साल पुराना बताया तो किसी ने पंद्रह साल से स्टेंड की हालत खस्ता बताई। मामले में रोचक बात तो यह रही कि सालों से क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी ज्ञात नहीं है कि यह बस स्टैंड जर्जर हालत में कितने सालों से पड़ा हुआ है।




**धूप में खड़े रहकर यात्री करते है बस का इंतजार:** बस स्टैंड की हालत पिछले कई साल से खस्ता हो चुकी है। जिसके चलते यात्री शेड खंडहर हालत में गिरने के कगार पर पहुंच चुका है। उसमें यात्री बैठना तो दूर उधर देखना तक भी उचित नहीं समझते। ऊपर से बरसती आग हो या कड़कड़ाती ठंड और तपती सड़क पर बगैर छाव के कई-कई घंटे खड़े होकर बसों का इंतजार करते रहते हैं। शासन-प्रशासन की यह अनदेखी उनकी संवेदना शून्यता को जाहिर करती है।

**संजीव झा, विधायक, बुराड़ी विधानसभा:** मामले में जब विधायक संजीव झा से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# वजीरपुर: 'कांग्रेस का युद्ध नशे और अपराध के विरूद्ध' कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में 'कांग्रेस का युद्ध नशे और अपराध के विरूद्ध' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वहां पर प्रदर्शन में मौजूद लोगों ने नशे और अपराध के विरोध में नारे लगाये।

इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, सतेन्द्र शर्मा, अमित गुप्ता, जनेश भडाना, रामनिवास, अतुल शर्मा, बालेश्वर नंद शर्मा, विनोद खारी, गोपाल, उत्तम कुमार, अशोक कुमार, अफसर अली, असरद, जावेद, सुरेश, दिनेश, नीरज गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, प्रमोद शर्मा, फूल सिंह, चौधरी आशाराम, रामजी राय, योगेश कोहली, प्रवीण चंदर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में नशे और अपराध के विरूद्ध प्रदर्शन कर निकाला मार्च






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस परिवार के द्वारा कांग्रेस का युद्ध नशे और अपराध के विरूद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के आदर्श नगर इलाके में स्थित लेबर चौक से मार्च निकाला, यह मार्च आदर्श नगर के कई क्षेत्रों से होते हुए आदर्श नगर मैट्रो स्टेशन के पास आकर संपन्न हुआ।

जिसमें दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, विधानसभा प्रभारी सिद्धार्थ कुंडू, आदर्श नगर विधानसभा से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल, आजादपुर ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव, आदर्श नगर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, धीरपुर ब्लॉक अध्यक्ष भूषण मित्तल, राकेश त्यागी, योगेश गुप्ता, लाल सिंह सैनी, अमित जैन, बुधराज बिट्टू, अनिल कुमार, इंद्रजीत हांडा, संजय गोयल, राम बेटी, कोमल, अमरीश भाई, सुरेंद्र सैनी, साबिर अली, रामजी भाई, हनी शौकीन, संजय महेश्वरी, मनीष, सोनू आदि कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# संत नगर मंडल में आयुष्मान कार्ड कैंप का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की आयुष्मान योजना स्कीम के तहत देशभर में 70 वर्ष आयु के बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके तहत उन बुजुर्गो को बड़े-बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रूपये और केंद्र सरकार की ओर पांच लाख रूपये भुगतान करने का प्रावधान रखा गया है, जिसका ऐसे गरीबों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। इसी योजना के तहत बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट के नेतृत्व और शक्ति केंद्र प्रमुख सुभाष झा के सहयोग से क्षेत्र स्थित कमल विहार में आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान कैंप के माध्यम से क्षेत्र के 70 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम का आयोजन शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 291, 292, 293 पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख सुभाष झा, महामंत्री विजय प्रताप सिंह, संयोजक नरेन्द्र प्रताप सहित संत नगर मंडल कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर संगीता बिष्ट ने कहा कि जैसे आज मंडल में आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया गया है, वैसे ही आने वाले समय में मंडल के अलग-अलग बूथों और शक्ति केंद्रो पर डोर टू डोर कैंपेनिंग करेंगे और क्षेत्र के अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रयास करेंगे। शक्ति केंद्र प्रमुख सुभाष झा ने कहा कि केंद्र की आयुष्मान योजना को पूर्व की केजरीवाल सरकार ने अपनी राजनीति के कारण दिल्ली में लागू नहीं होने दी, और अपने कार्यकर्ताओं को व्यक्गित लाभ देने के लिए मौहल्ला क्लीनिक के माध्यम से जनता की गाढ़ी कमाई को लूटती रही। इसके साथ ही झा ने कहा कि जिसको किसी ने नहीं पूछा उसको भाजपा ने हमेशा ही पूजा है।







# विधायक के नेतृत्व में विकास की राह पर चला बुराड़ी: अंबिका मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मुकुंदपुर वार्ड** में रहने वाले व बुराड़ी विधानसभा के उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा ने कहा कि विधायक संजीव के नेतृत्व में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में पिछले 11 सालों में अनगिनत विकास कार्य हुए है। विधायक संजीव झा ने समय को न देखते हुए बुराड़ी में रहने वाले लोगों के लिए कई विकास कार्य किए है, जिनको गिनने बैठें तो रात बीत जाए और दिन कम पड़ जाए। मिश्रा ने कहा कि आप कि सरकार से पूर्व बुराड़ी की सड़कों में इतने गड्ढे होते थे कि यह नहीं पता चलता था कि सड़क पर गड्ढे है या फिर गड्ढों में सड़के बनाई गई है। मिश्रा ने कहा कि विधायक संजीव झा पूरे विधानसभा क्षेत्र का दौरा करके लोगों की समस्याओं को करीब से देखा और समझा है फिर उन समस्याओं के निस्तारण के लिए काम किया है। मिश्रा ने कहा कि लेकिन मुकुंदपुर वार्ड की प्रत्येक गलियों, मुख्य सड़कों पर साफ-सफाई की समस्या बनी हुई, क्योंकि क्षेत्र में सफाई कर्मी नहीं आते है, जिस वजह से कूड़ा सड़क किनारे काफी दिनो तक पड़ा रहता है, जोकि हवा के सहारे उड़कर लोगों के घरों व दुकानों में भी घूस जाता है, जिससे दुकानदार और क्षेत्रीय लोग काफी परेशान है। मिश्रा ने बताया कि स्थानीय निगम पार्षद ने क्षेत्र में कभी भी झांककर भी नहीं देखा कि उनके वार्ड के लोगों को क्या परेशानी है क्या नहीं।



# हाईकोर्ट ने 98 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में समन आदेश किया रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 98 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति को जारी समन आदेश को रद्द करते हुए कहा कि समन जारी करना एक गंभीर मामला है और इसमें उचित विवेक का उपयोग आवश्यक है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने 23 जून के अपने आदेश में कहा कि केवल तथ्यों पर ध्यान देना और बिना कारण बताए प्रथम दृष्टया संतुष्टि दर्ज करना अपर्याप्त है। यह मामला मेसर्स इंडियाबुल्स सिक्योरिटीज लिमिटेड द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत दायर शिकायत से संबंधित है। कंपनी ने आरोप लगाया था कि व्यक्ति ने बेईमानी से खाता खोलने के लिए प्रेरित किया और मार्जिन ट्रेडिंग का लाभ उठाकर शेयर खरीदे, लेकिन कई मार्जिन कॉल के बावजूद भुगतान में विफल रहा। आरोपी व्यक्ति ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर ट्रायल कोर्ट के 28 सितंबर, 2013 के समन आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि कंपनी ने उसके निर्देशों के बिना सात करोड़ रुपये के शेयर बेचकर उसे नुकसान पहुंचाया और आरोप बेतुके हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपों में आपराधिकता या संज्ञेय अपराध का कोई तत्व नहीं दिखता।

# एमएनआरई ने अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाओं के लिए संशोधित दिशा-निर्देश किए अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने प्रदर्शन निगरानी और तेजी से सीएफए वितरण को बढ़ाने के लिए अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाओं के लिए संशोधित दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। यह राष्ट्रीय बायो एनर्जी कार्यक्रम का एक हिस्सा है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि एमएनआरई ने राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा (डब्ल्यूटीई) कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य भारत में जैव अपशिष्ट से ऊर्जा के उपयोग के लिए अधिक कुशल, पारदर्शी और प्रदर्शन-उन्मुख पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के मुताबिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, वित्तीय सहायता में तेजी लाने और संयंत्र के प्रदर्शन के साथ समर्थन को संरेखित करके, अद्यतन दिशा-निर्देश निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। नए ढांचे के तहत मंत्रालय ने कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जैसे कि कागजी कार्रवाई में कटौती और अनुमोदन आवश्यकताओं को आसान बनाना, जिससे उद्योग विशेष रूप से एमएसएमई को सीबीजी, बायोगैस और बिजली का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तुत संशोधन से परियोजना डेवलपर्स को कमीशनिंग की तारीख से 18 महीने के भीतर या सीएफए के सैद्धांतिक अनुमोदन की तारीख से, जो भी बाद में हो, सीएफए का दावा करने में लचीलापन प्रदान किया गया है।

# केंद्र से लेकर निगम तक भाजपा सरकार फिर भी दिल्ली क्यों लाचार: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में** बढ़ते अवैध नशे, बदहाल पुलिस व्यवस्था, रोज लगते बिजली के कट, दिल्ली को गंदे पानी की सप्लाई, टूटी सड़को और जलजमाव जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सभी विधानसभाओ में धरना प्रदर्शन का आह्वान कर भाजपा की दिल्ली सरकार को चेतावनी दी। करावल नगर जिला के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओ में भी जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। उत्तर-पूर्वी लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, मनोज यादव, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ और फरीद शाह ने जिले की सभी विधानसभाओ में पहुंचकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली इन दिनों कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। बढ़ता अवैध नशा, बार-बार बिजली कटौती, गंदे पानी की आपूर्ति, स्कूलों की बढ़ती फीस, पुलिस व्यवस्था की खामियां, गरीबों के मकानों पर तानाशाही कार्रवाई और बारिश में जल जमाव जैसे मुद्दों ने दिल्लीवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। इन समस्याओं ने न केवल आम जनजीवन को प्रभावित किया है। बल्कि सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। आज दिल्ली पुलिस का 'ऑपरेशन कवच' जैसे अभियान चल रहा है, लेकिन नशे की लत और तस्करी पर पूरी तरह काबू पाना मुश्किल साबित हो रहा है। खासकर युवा वर्ग इसकी चपेट में है, जिससे सामाजिक और पारिवारिक ढांचा प्रभावित हो रहा है और सरकार चुप बैठी है। सरकार यह बताए कि भाजपा शासित राज्यों से घिरी दिल्ली में आखिर अवैध नशा आ किस रस्ते रहा है? उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते हुए कहा कि रोजाना बिजली के लगते लंबे लंबे कट ने लोगों का रहना मुहाल कर दिया है। पीने के पानी के नाम पर गंदे और प्रदूषित पानी की सप्लाई ने लोगों को बोतल खरीदने पर मजबूर कर दिया है। दिल्ली में पानी की गुणवत्ता चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे लोगों के बीमार होने की आशंका बनी हुई है। निजी स्कूलों की बेतहाशा बढ़ी फीस पर सरकार अपना रुख आज तक साफ नहीं कर पाई है। दो बूंद पानी की पड़ते ही दिल्ली डूबने लगती है। कुछ दिन पूर्व 400 से ज्यादा जल जमाव बिंदु चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 70 से ज्यादा विशेष रूप से गंभीर माने गए थे, इनमें विकास मार्ग, बुराड़ी रोड़ और नजफगढ़ जैसे इलाकों में स्थिति बद से भी बदतर है। टूटी सड़को पर पैबंद लगाकर नई सड़के बनाने का दावा किया जा रहा है। महंगाई के इस दौर में कई विभागों में संविदा पर नौकरी करने वाले लोगों को कई-कई महीनों की तनख्वाह रुकने से लोग परेशान हाल में जीवन यापन को मजबूर हैं। इन प्रदर्शनों में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ईश्वर बावड़ी, डॉक्टर मिश्रा, मगेश त्यागी, रामबिलास शर्मा, राकेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।






# हेजलवुड की घातक गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया ने तीन दिन में ही जीता टेस्ट, वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड (5/43) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज को बारबाडोस टेस्ट के तीसरे दिन ही 159 रनों से हराकर सीरीज में शानदार जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी अंतिम सत्र में ही सिमट गई, जिसमें आखिरी दो विकेट नाथन लायन ने लगातार दो गेंदों पर लेकर मुकाबले का अंत किया। शमर जोसेफ के आक्रामक तेवर और जस्टिन ग्रीव्स की रक्षात्मक बल्लेबाजी की बदौलत एक समय ऐसा लगा कि मैच चौथे दिन तक खींचेगा, हालांकि, शमर जोसेफ स्लिप में और जेडन सील्स शॉर्ट लेग पर आउट हुए, जिससे मैच का अंत उसी शाम हो गया।

**हेड को मिला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार:** ट्रैविस हेड को दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने मुश्किल पिच पर साहसिक बल्लेबाजी की और वेस्टइंडीज की खराब फील्डिंग से भी लाभ उठाया। मैच में वेस्टइंडीज ने 7 कैच छोड़े।

**ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में कैरी, वेबस्टर और हेड चमके:** ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में एलेक्स कैरी (65), ब्यू वेबस्टर (63) और ट्रैविस हेड (61) ने अहम पारियां खेलीं। कैरी ने केवल 40 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसमें कुछ दर्शनीय स्ट्रोक भी शामिल थे।





उन्होंने शमर जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे छक्के भी लगाए।

**हेजलवुड ने झटके अहम विकेट, लायन ने किया अंत:** वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में हेजलवुड ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया। उन्होंने एक ही ओवर में ब्रैंडन किंग और जॉन कैम्पबेल को आउट किया, जबकि रॉस्टन चेस और केसी कार्टी को भी चलता किया। कप्तान पैट कमिंस को भी एक कम गेंद पर शाई होप का विकेट मिला, जो अंदर की ओर आई गेंद पर बोल्ड हो गए। मर्नस लाबुशेन ने एक सटीक थ्रो से अल्जारी जोसेफ को रनआउट किया, जबकि लायन ने आखिरी दो विकेट लेकर मैच समाप्त किया।

**शमर जोसेफ की संघर्षपूर्ण पारी और गेंदबाजी:** वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 44 रनों की तेजतर्रार पारी खेली और दूसरी पारी में 5 विकेट भी चटकाए, लेकिन उनका यह प्रदर्शन हार को नहीं टाल सका। उन्होंने मैच में सबसे ज्यादा ओवर भी फेंके।

**स्कोरकार्ड संक्षेप में:**
ऑस्ट्रेलिया: 180 & 310 (कैरी 65, वेबस्टर 63, हेड 61, शमर जोसेफ 5/87)
वेस्टइंडीज: 190 & 141 (शमर जोसेफ 44, हेजलवुड 5/43)।
ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया।



## श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया

**कोलंबो :** श्रीलंका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हरा दिया है। कोलंबो में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 247 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 458 रन बना सकी और 211 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश की टीम अपनी दूसरी पारी में 133 रन पर सिमट गई। इस तरह श्रीलंका ने पारी से मैच जीतकर





सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने दूसरी पारी में पांच विकेट झटके। पाथुम निसांका को उनके शानदार शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। दूसरे टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 247 रन बनाए। शदमान इस्लाम ने 46 रन, मोमिनुल हक ने 21 रन, मुशफिकुर रहीम ने 35 रन, लिटन दास ने 34 रन, मेहदी हसन मिराज 31 रन, नईम हसन ने 25 रन और तैजुल इस्लाम ने 33 रन की पारी खेली। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो आठ रन बना सके। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो और सोनल दिनुषा ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, विश्वा फर्नांडो को दो विकेट मिले। थरिंदु रत्नायके और कप्तान धनंजय डिसिल्वा को एक-एक विकेट मिला। जवाब में श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 458 रन बनाए। पाथुम निसांका ने 158 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 19 चौके लगाए। वहीं, लाहिरु उदारा ने 40 रन और दिनेश चांदीमल ने 93 रन बनाए। कामिंदु मेंडिस ने 33 और कुसल मेंडिस ने 84 रन की पारी खेली।

## स्पिनर्स के छक्के छुड़ा देते हैं पंत, उनके खिलाफ टेस्ट में लगा चुके 65+ सिक्स

**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दो जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार के बाद टीम इंडिया की नजर वापसी पर होगी। पहले टेस्ट में अच्छी बल्लेबाजी के बावजूद भारतीय टीम को शिकस्त झेलनी पड़ी थी। लोअर ऑर्डर की खराब बल्लेबाजी और दूसरे छोर से जसप्रीत बुमराह को कोई सहायता न मिल पाने ने टीम इंडिया को नुकसान पहुंचाया। अब भारतीय टीम दूसरे टेस्ट से पहले गलतियों को सुधारने की कोशिश करेगी। हालांकि, पहले टेस्ट में ऋषभ पंत का प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने दोनों पारियों दो शतक लगाए थे। इस मैच में दोनों पारियों को मिलाकर उन्होंने कुल नौ छक्के लगाए थे। इसी के साथ वह टेस्ट में स्पिनर्स के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया। पंत ने लीड्स में पहली पारी में 178 गेंद पर 12 चौके और छह छक्के की मदद से 134 रन बनाए थे। वहीं, दूसरी पारी में पंत ने 140 गेंद में 15 चौके और तीन छक्के की मदद से 118 रन बनाए। उनके नाम अब



### टेस्ट में स्पिनरों के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के (भारतीय)

| खिलाड़ी | स्पिनर्स के खिलाफ छक्के |
|---|---|
| ऋषभ पंत | 66 छक्के |
| वीरेंद्र सहवाग | 60 छक्के |
| रवींद्र जडेजा | 57 छक्के |
| एमएस धोनी | 56 छक्के |
| रोहित शर्मा | 55 छक्के |

तक टेस्ट में कुल 82 छक्के हैं। इनमें से 66 छक्के पंत ने स्पिनर्स के खिलाफ लगाए हैं। वह सबसे लंबे प्रारूप में स्पिनर्स के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के नाम था। वीरू ने टेस्ट में कुल 91 छक्के लगाए और इनमें से 60 छक्के स्पिनर्स के खिलाफ आए थे। इसके बाद 57 छक्कों के साथ रवींद्र जडेजा तीसरे और 56 छक्कों के साथ एमएस धोनी चौथे नंबर पर हैं। रोहित शर्मा ने स्पिनर्स के खिलाफ 55 छक्के लगाए थे। टेस्ट में ओवरऑल स्पिनर्स के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड बेन स्टोक्स के नाम है। उन्होंने स्पिनर्स के खिलाफ 86 छक्के लगाए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर 79 छक्कों के साथ पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मिस्बाह उल हक हैं। श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज 75 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट 71 छक्कों के साथ चौथे नंबर पर और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन 68 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक कैलिस का नंबर आता है। उन्होंने स्पिनर्स के खिलाफ टेस्ट में 67 छक्के लगाए। पंत इस लिस्ट में कैलिस के बाद सातवें नंबर पर हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी स्टोक्स के नाम है। उन्होंने कुल मिलाकर 133 छक्के लगाए हैं। ब्रैंडन मैकुलम 107 छक्कों के साथ दूसरे और गिलक्रिस्ट 100 छक्कों के साथ तीसरे पर हैं। सिर्फ इन तीन बल्लेबाजों ने ही टेस्ट में 100 या इससे ज्यादा छक्के लगाए हैं।

## श्रीलंका से मिली हार के बाद नजमुल हुसैन शांतो ने छोड़ी टेस्ट कप्तानी

**कोलंबो।** शनिवार को यहां श्रीलंका के हाथों दूसरे टेस्ट मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने अपनी कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, "मैं अब टेस्ट फॉर्मेट में कप्तानी जारी नहीं रखना चाहता। यह कोई व्यक्तिगत फैसला नहीं है, बल्कि टीम के हित में लिया गया निर्णय है।" शांतो ने कहा कि उन्हें लगता है कि तीनों फॉर्मेट में अलग-अलग कप्तान होना टीम के लिए व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा, "मैं पिछले कुछ समय से ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहा हूं और मेरा मानना है कि तीन कप्तान होना टीम के लिए

## नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड रैंकिंग में फिर हासिल किया शीर्ष स्थान, अरशद नदीम चौथे नंबर पर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर विश्व रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। इस सप्ताह वर्ल्ड एथलेटिक्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी ताजा रैंकिंग में नीरज ने ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान दोबारा प्राप्त किया। पिछले साल 17 सितंबर को ब्रुसेल्स में डायमंड लीग फाइनल जीतने के बाद पीटर्स ने नीरज से नंबर-1 स्थान छीना था। लेकिन लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नीरज ने फिर से बाजी मार ली। ताजा रैंकिंग के अनुसार, नीरज के 1445 अंक हैं जबकि पीटर्स



1431 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर 1407 अंकों के साथ तीसरे और पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। 27 वर्षीय नीरज चोपड़ा इस साल सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे। उन्होंने इस सीजन की शुरुआत अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पॉटचेफस्ट्रूम में हुई एक इनविटेशनल मीट से की थी, जहां उन्होंने 84.52 मीटर की थ्रो के साथ जीत दर्ज की। इसके बाद मई में दोहा डायमंड लीग में उन्होंने पहली बार 90 मीटर की दूरी पार करते हुए 90.23 मीटर की थ्रो फेंकी, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ थ्रो रही। हालांकि वे इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे, क्योंकि जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर की थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद पोलैंड के चोरजो में जनुश कुसोचिंस्की मेमोरियल में भी नीरज (84.14 मीटर) वेबर (86.12 मीटर) से पीछे रहे।

## राइट-गैरी से द्रविड़-फ्लेचर तक, पिछले 25 साल में इंग्लैंड में कौन सा भारतीय कोच रहा सबसे कामयाब?

**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दो जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। इसको लेकर दोनों टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीतने के बाद इंग्लिश टीम आत्मविश्वास से भरी होगी, जबकि शुभमन गिल के नेतृत्व वाली युवा भारतीय टीम की नजर वापसी कर सीरीज को 1-1 से बराबर करने पर होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की देखरेख में टेस्ट में भारत का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। टीम ने कई मौकों पर शानदार खेल दिखाया, लेकिन मैच नहीं निकाल पाई। बतौर कोच इंग्लैंड में अपने पहले ही मैच में उन्हें और टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि, उनके पास अभी इस रिकॉर्ड को सुधारने के लिए चार और टेस्ट हैं। इंग्लैंड में जीत के मामले में भारत के सबसे कामयाब कोच रवि शास्त्री रहे हैं। वह ही इंग्लैंड में सबसे ज्यादा मैचों में भारत के मुख्य कोच भी रह चुके हैं। भारत ने साल 2000 के बाद सबसे पहले 2002 में जॉन राइट की देखरेख में और सौरव गांगुली के नेतृत्व में इंग्लैंड का दौरा किया था। तब चार मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर रही थी। यानी जॉन राइट के कोच रहते भारत ने चार में से एक मैच जीता और एक में टीम को हार मिली। दो टेस्ट ड्रॉ रहे थे।





इसके बाद टीम इंडिया ने 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड का दौरा किया। हालांकि, उस वक्त भारत का कोई कोच नहीं था और टीम को मैनेज चंदू बोर्डे कर रहे थे। बिना कोच के भारतीय टीम सीरीज जीतने में कामयाब रही थी। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज भारत ने 1-0 से अपने नाम की थी। साल 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी और गैरी कर्स्टन की कोचिंग में भारत ने इंग्लैंड का दौरा किया था। तब चार मैचों की सीरीज में भारत को 4-0 से शिकस्त मिली थी। यानी गुरु गैरी की देखरेख में भारत ने कोई मैच नहीं जीता और चारों के चारों मैच गंवाए। इसके बाद टीम इंडिया ने 2014 में धोनी की ही कप्तानी और डंकन फ्लेचर की कोचिंग में इंग्लैंड का दौरा किया। भारतीय टीम ने इस सीरीज की शुरुआत शानदार तरीके से की थी। पहला मैच ड्रॉ कराने के बाद दूसरा टेस्ट अपने नाम किया था। हालांकि, इसके बाद टीम इंडिया पटरी से उतर गई थी और आखिरी के तीन टेस्ट हार गई थी। इसके बाद भारत ने 2018 और 2021 में रवि शास्त्री की कोचिंग में इंग्लैंड का दौरा किया था। हालांकि, 2021 में चार टेस्ट ही खेला जा सका था और फिर पांचवें टेस्ट को 2022 में शिफ्ट कर दिया गया था। तब रवि शास्त्री उस टेस्ट में कोच नहीं थे। यानी 2018 और 2021 में भारत ने उनकी कोचिंग में इंग्लैंड में कुल नौ टेस्ट खेले। साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 का फाइनल भी खेला था। 2018 में भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज 4-1 से हार गई थी। तब विराट कोहली कप्तानी कर रहे थे। वहीं, 2021 में चार टेस्ट में भारत 2-1 से आगे रहा था। डब्ल्यूटीसी फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी। यानी शास्त्री की कोचिंग में भारत ने इंग्लैंड में खेले 10 टेस्ट में से तीन में जीत हासिल की, जबकि छह में हार का सामना करना पड़ा। एक टेस्ट ड्रॉ रहा।

## किशाने थॉम्पसन बने दुनिया के छठे सबसे तेज धावक

**नई दिल्ली।** जमैका के एथलेटिक्स नेशनल ट्रायल्स में किशाने थॉम्पसन ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतते हुए इतिहास रच दिया। 23 वर्षीय थॉम्पसन ने 9.75 सेकंड का शानदार समय दर्ज करते हुए न केवल व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, बल्कि वह इतिहास में 100 मीटर की दौड़ में छठे सबसे तेज धावक बन गए हैं। इस इवेंट में थॉम्पसन से तेज समय अब तक केवल उसेन बोल्ट (9.58 सेकंड), टायसन गे और योहान ब्लेक (दोनों 9.69 सेकंड), असफा पॉवेल (9.72 सेकंड) और जस्टिन गैटलिन (9.74 सेकंड) ने ही दर्ज किया है।

## प्रतापगढ़ में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ

**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार और जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में क्रिकेट की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 जून से 8 जुलाई के बीच किया जा रहा है। शनिवार को उद्घाटन सदर विधायक राजेंद्र मौर्या ने किया। पहला मैच स्टेडियम रेड और स्टेडियम ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें स्टेडियम रेड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 124 रन का स्कोर बनाया। स्टेडियम रेड की तरफ से आदित्य ने 27 रन



और विराट ने 22 रनों का योगदान दिया। स्टेडियम ब्लू की तरफ से पर्व तिवारी ने 3 विकेट और शौर्य मान ने 2 विकेट लिया। जवाब में स्टेडियम ब्लू की टीम ने यह मैच 19.5 ओवरों में 126 रन बनाकर जीत लिया। जिसमें अनिकेत ने 28 रन और आयुष ने 22 रनों का योगदान दिया। स्टेडियम रेड की तरफ से आयुष्मान ने दो विकेट और विराट ने 2 विकेट लिया। यह मैच स्टेडियम ब्लू ने जीत लिया। मैन ऑफ द मैच स्टेडियम ब्लू के कप्तान पर्व तिवारी रहे। दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, यह मैच कल होगा। इस मौके पर उप जिला खेल अधिकारी और ताइक्वांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, निखिल राणा और पप्पू रमेश

## नंबर-एक भारतीय बनने और उजचेस कप जीतने पर गौतम ने प्रज्ञानंद को दी बधाई

**ताशकंद :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद शुक्रवार को ताशकंद में उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानंद की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। अदाणी समूह के चेयरमैन और बिजनेस टाइकून गौतम अदाणी ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद की सराहना की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया, 'बधाई हो प्रज्ञानंद! आप पर गर्व है! उजचेस कप जीतना, भारत का नंबर एक





और दुनिया के चौथे नंबर का खिलाड़ी बनना क्या उपलब्धि है! और आप अभी भी सिर्फ 19 साल के हैं! भारत के युवा वास्तव में हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।' इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो गुरुवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे, लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानंद ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरूआत की। अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड-रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की। एरिगैसी ने अरविंद चिदंबरम के साथ ड्रा करके इसे चार खिलाड़ियों का टाई बनाने का मौका गंवा दिया। टाईब्रेक के पहले दौर में तीनों खिलाड़ियों ने डबल राउंड-रॉबिन ब्लिट्ज में दो अंक हासिल किए। अब्दुसत्तोरोव और सिंदारोव ने अपनी दोनों बाजी ड्रा की जबकि प्रज्ञानंद ने दोनों को सफेद मोहरों से हराया लेकिन काले मोहरों से हार गए। दूसरे टाईब्रेक में प्रज्ञानंद ने अब्दुसत्तोरोव के साथ सफेद मोहरों से ड्रा किया और सिंदारोव को काले मोहरों से हराया। सिंदारोव की अब्दुसत्तोरोव पर जीत ने भारतीय खिलाड़ी के लिए खिताब पक्का कर दिया। यह प्रज्ञानंद का इस साल का तीसरा खिताब है।

इससे पहले उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरूआत में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल में भी वह उपविजेता रहे थे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने सोशल मीडिया पर प्रज्ञानंद को बधाई देते हुए लिखा, 'उज्बेकिस्तान शतरंज कप जीतने के लिए आर प्रज्ञानंद को बधाई।'

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 29 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## ब्राह्मणों पर हो रहे हमले सुनियोजित षड्यंत्र : आनन्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश के इटावा में कथा वाचक के साथ हुई घटना के बाद देशभर में ब्राह्मण समाज को लेकर चल रही बहस के बीच काली सेना प्रमुख व शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटनाएं कोई आकस्मिक विवाद नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश हैं ।शनिवार को वार्ता के दौरान स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने कहा कि कुछ दलों के प्रवक्ता टीवी डिबेट्स में ब्राह्मण विरोधी बयान देकर समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं। जिस प्रकार से अंग्रेजों ने भारत को कमजोर करने के लिए हिन्दुओं को कमजोर करने का कार्य किया, ठीक उसी प्रकार से अब यह कार्य कुछ पार्टी विशेष के नेता करने पर आमादा है ।उन्होंने कहा कि यदि ब्राह्मणों का विरोध मुस्लिम करते तो देश में हिन्दू-मुस्लिम की लड़ाई होना तय था। इसलिए उन्होंने यूपी में सपा, बिहार में आरजेडी, तमिलनाडू में डीएमके व कर्नाटक में कांग्रेस को यह कार्य सौंप दिया है। कहा कि वैसे कांग्रेस का कोई खास वजूद रहा नहीं है। इसलिए वह भी छटपटा रही है ।स्वामी आनन्द स्वरूप ने कहा कि बिहार में सारिका पासवान व यूपी में सपा प्रवक्ता भाटी सुबह-शाम ब्राह्मणों को गाली देते नहीं थकते। जबकि सारिका पासवान तो अर्मादित भाषा का प्रयोग तक करती हैं। ऐसे में इसकी परिणति क्या होगी ।उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात हो देखते हुए अनारक्षित वर्ग यदि सावधान नहीं हुआ तो जातीय संघर्ष होना तय है। जिसके मूल में डा. अम्बेडकर हैं, जिन्हें अपने स्वार्थ के लिए अंग्रेजों ने आगे किया। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई सभी से नहीं केवल अम्बेडकर की 22 प्रतिज्ञाओं को मानने वालों से है।

# हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई: योगी आदित्यनाथ

### बिटिया का इलाज कराएंगे, आवास भी दिलाएंगे : सीएम योगी आदित्यनाथ , जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

**समस्याएं सुनीं**

**जरूरतमंदों को मिलेगा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने नन्ही बिटिया के इलाज में मदद और आवास की व्यवस्था करने की गुहार के साथ बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि बच्ची का अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर सीएम योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। लोगों से मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोद में बीमार बच्ची को लेकर कुर्सी पर बैठी महिला की समस्या सुन मुख्यमंत्री अत्यंत भावुक हो गए। महिला बच्ची के इलाज और आवास की समस्या लेकर आई थी। सीएम योगी ने उसे आश्वस्त किया कि दोनों समस्याओं इलाज और आवास की व्यवस्था, का समाधान सरकार कराएगी। इस दौरान वह मां की गोद में बैठी बच्ची को खूब दुलारते भी रहे। जनता दर्शन में कुछ अन्य लोग भी इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया

## राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर: योगी

*टीम एक्शन इंडिया*

*गोरखपुर: प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की भव्य अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का भ्रमण-निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। लिहाजा मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर से आयुष विश्वविद्यालय तक राष्ट्रपति के रूट का भी जायजा लिया। 30 जून और एक जुलाई को राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे के कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार दोपहर बाद से शनिवार पूर्वाह्न तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तैयारियों पर नजर बनाए रखी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 30 जून को एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। जबकि अगले दिन एक जुलाई को वह भटहट के पिपरी में बने राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी।*

## किसानों के कल्याण को नित नए कदम उठा रही योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** किसानों का कल्याण ही उत्तर प्रदेश की नई पहचान बन गई है। किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक और लागत कम की अवधारणा पर योगी सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन प्रारंभ हो गया है। किसान इसके लिए 12 जुलाई तक पर बुकिंग कर सकेंगे। इसी पोर्टल के जरिए ही संपूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए पर आवेदन करना होगा। बुकिंग 27 जून से प्रारंभ हुआ है, जो 12 जुलाई तक चलेगा। पोर्टल पर किसान कॉर्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की, माताजी के साथ किया पौधरोपण।

## उत्तराखंड पंचायत चुनाव: 12 जिलों में दो चरणों में मतदान, 2 जुलाई से नामांकन

**अधिसूचना**

**राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से विस्तृत चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है**




**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादून। उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों के 89 ब्लॉक में दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को मतदान होगा ।राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से विस्तृत चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत चुनाव वाले सभी जिलों में 2 से 5 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। सुबह 8 से शाम 4 बजे तक पर्चे भरे जा सकेंगे। 7 से 9 जुलाई के बीच सुबह 8 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

10 और 11 जुलाई को सुबह 8 से अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। जिन ब्लॉकों में पहले चरण में 24 जुलाई को मतदान होना है, वहां प्रत्याशियों को 14 जुलाई को और दूसरे चक्र के मतदान वाले ब्लॉकों में 18 जुलाई को सुबह 8 बजे से चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे ।बागेश्वर और रुद्रप्रयाग जिले के सभी ब्लॉकों, जबकि अन्य जिलों के चुननंदा ब्लॉकों में पहले चरण में 24 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोट पड़ेंगे।

## शिमला में स्वरोजगार स्टार्टअप योजना की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शनिवार को राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत अब तक प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत परियोजनाओं और वितरित ऋण की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने बताया कि इस वित्त वर्ष में अब तक 13 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 11 ऑनलाइन माध्यम से किए गए हैं। आज की बैठक में दो पात्र आवेदनों को स्वीकृति दी गई है, जो दोनों ई-टैक्सी परियोजनाओं से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि अन्य आवेदनों की औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद उन्हें आगामी बैठक में अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र युवाओं को योजना का लाभ दिलाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। बैठक में रोजगार अधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक कुलवंत राय, अग्रणी जिला प्रबंधक संजय कंवर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**विशेषताएं**

**अब तक प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत परियोजनाओं और वितरित ऋण की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई**

**योजना का उद्देश्य और विशेषताएं**

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहन देने के साथ-साथ हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बापू सभागार में नवनियुक्त पुलिस कांस्टेब को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए।

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए का लक्ष्य दो सौ पार : शहनवाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में 29 जून को टाउन हॉल में विशाल तांती सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिन्हा, तार किशोर प्रसाद, लालमोहन गुप्ता सहित तांती समाज के सभी प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**कारोबार** योग और आयुष की भारतीय परंपरा को समृद्ध करने में नाथ पंथ का महत्वपूर्ण योगदान

## आयुष और योग के जरिए यूपी बनेगा हेल्थ टूरिज्म का हब

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** योग और आयुष मूल रूप से भारतीय जीवन पद्धति हैं। आज पूरी दुनिया इन दोनों के महत्व को स्वीकार कर रही है। 21 जून को विश्व के करीब 175 देशों में मनाया गया योग दिवस इसका सबूत है। चूंकि योग और आयुर्वेद एक दूसरे के पूरक हैं। इसलिए एक बढ़ेगा तो दूसरा भी उसके साथ बढ़ेगा। आंकड़े इसके प्रमाण हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा के बाद से योग करने वालों की संख्या 35% बढ़ी है। करीब 25 करोड़ लोग योग की ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसकी वजह से योग और आयुर्वेद से जुड़े उत्पादों का कारोबार बढ़ रहा है। भारत में आयुर्वेद से जुड़े उत्पादों का कारोबार 12 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसी तरह योग से जुड़े उत्पादों का कारोबार 480 अरब रुपए तक पहुंच चुका है। शीघ्र ही इसके 875 अरब तक पहुंचने की उम्मीद है। इन दोनों की वैश्विक लोकप्रियता का लाभ भारत को तो मिलेगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इन दोनों विषयों में निजी रुचि होने के कारण उम्मीद की जाती है कि यूपी को इसका सर्वाधिक लाभ होगा। भविष्य में उत्तर प्रदेश योग और आयुष के सहारे हेल्थ टूरिज्म का हब बनेगा। इनकी संभावनाओं के मद्देनजर योगी सरकार ने इसकी तैयारियां पहले से शुरू कर दी थीं। गोरखपुर में "महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम से बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन 1 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी।




**आयुष उत्पाद**

**आंकड़े इसके प्रमाण हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा के बाद से योग करने वालों की संख्या 35% बढ़ी है**

